






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 329

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 14 सितंबर, 2023




# यूपी में डेंगू के 3400 मरीज!

## 24 घंटे में मिले 224 पॉजिटिव केस, डीजी हेल्थ बोलीं, प्रदेश के सभी अस्पताल पूरी तरह से तैयार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक 15 मई से लेकर 12 सितंबर तक यूपी में कुल 3400 डेंगू के मरीज मिले हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में यूपी में 224 नए मरीज सामने आए हैं। सबसे ज्यादा बिगड़े हालात एनसीआर में गाजियाबाद और नोएडा के हैं। इसके अलावा मेरठ और लखनऊ में भी बड़ी संख्या में संक्रमित मरीज हैं। हालांकि स्वास्थ्य महकमे के बड़े अफसरों की माने तो स्थिति कंट्रोल में हैं और डेंगू समेत सभी तरह के बुखार रोगियों को अस्पताल में उचित इलाज मिल रहा हैं।

### लखनऊ में मिले डेंगू के 25 मरीज, पॉश इलाकों में संकट

लगातार हुई बारिश के बाद से लखनऊ में डेंगू के मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार को डेंगू के 2 दर्जन से ज्यादा 25 नए मरीज मिले हैं। सबसे अधिक मरीज शहर के पॉश इलाकों में हैं। इंदिरा नगर, आलमबाग, अलीगंज और आशियाना जैसे रिहायशी इलाकों में बड़ी संख्या मरीज मिले हैं। इस बीच कस्बाई क्षेत्रों में भी डेंगू दस्तक दे रहा है। एक दिन पहले सोमवार को भी राजधानी में 23 नए मरीज मिले थे। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि 24 घंटे में डेंगू के कुल 25 मरीजों की पुष्टि हुई है।

### गाजियाबाद-नोएडा में 4 दिन में डेंगू से 3 मौतें, डेन-2 स्ट्रेन मिला
### अस्पतालों की ओपीडी फुल, यूपी में 5 महीने में मिले 3400 केस

**सबसे पहले गाजियाबाद की...**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, गाजियाबाद में 12 सितंबर को डेंगू के 10 नए केस मिले। यहां अब तक 432 केस मिल चुके हैं। हेल्थ टीमों ने 7449 घरों के सर्वे किया है। इस दौरान 141 घर ऐसे मिले, जहां एडीज लार्वा मिला है। गाजियाबाद-नोएडा में तेजी से डेंगू फैल रहा है। यहां 4 दिन में 3 लोगों की मौत हुई है। नोएडा में 50 में से 17 मरीजों में डेन-2 स्ट्रेन मिला है। पूरे प्रदेश की बात करें, तो 5 महीने में 3400 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। इस दौरान गाजियाबाद-नोएडा में 755 केस मिले हैं। दोनों जिलों में ओपीडी मरीजों से फुल है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि बुखार के जितने भी मरीज आ रहे हैं, उन सबकी डेंगू की जांच कराई जा रही है।

**अब बात नोएडा की...**

नोएडा में मई से लेकर अब तक डेंगू के 323 मरीज मिल चुके हैं। यहां 3 सितंबर को होम्योपैथी डॉ. 28 वर्षीय अक्षिता सिंह की मौत हो गई थी। पहले इनकी एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई। फिर रैपिड टेस्ट में डेंगू रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।इससे 3 दिन पहले नोएडा के हर्ष गर्ग उर्फ गुल्लू की गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में डेंगू से मौत हो गई थी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाईराइज सोसाइटीज में भी डेंगू के केस लगातार मिल रहे हैं। करीब 15 सोसाइटी में 80 से ज्यादा केस निकल चुके हैं। अजनारा होम्स और पंचशील हाइनिश सोसाइटी में 20-20 केस डेंगू के हैं।

### बलरामपुर में10 मरीजों की कार्ड टेस्ट पॉजिटिव

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ.अतुल मेहरोत्रा ने बताया कि रोजाना 100 से ज्यादा सैंपल की जांच डेंगू के लिए की जा रही है। मंगलवार को 10 मरीजों के कार्ड टेस्ट डेंगू पॉजिटिव आए हैं पर अभी इनका अलाइजा टेस्ट होना बाकी हैं। इस सीजन में अब तक आधा दर्जन मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आ चुकी हैं। फिलहाल अस्पताल में डेंगू के लिए 12 बेड रिजर्व हैं, पर कोई डेंगू का मरीज भर्ती नही है। हालांकि बुखार के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार को अस्पताल में कुल 123 मरीज भर्ती किए गए इनमें से 45 मरीज बुखार रोगी हैं।

### डेन-2 स्ट्रेन में होती है प्लेटलेट्स की ज्यादा कमी और शरीर पर बनते हैं लाल चकते

नोएडा के जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया, डी-स्ट्रेन के मरीजों में प्लेटलेट्स की भारी कमी होती है। शरीर पर लाल चकते बनने शुरू हो जाते हैं और ब्लीडिंग भी होती है। यानी ये डेन-2 डेंगू मरीजों के लिए ज्यादा घातक साबित होता है। उन्होंने बताया, डेंगू जांच के लिए एलाइजा रिपोर्ट अहम है। रैपिड कार्ड के जरिए जो टेस्ट हो रहे हैं, उनमें बिना लक्षण वाले मरीजों में भी डेंगू पाया जा रहा है। लेकिन एलाइजा रिपोर्ट में वही मरीज नेगेटिव आ रहे हैं। इसलिए हम उन्हीं मरीजों को डेंगू मान रहे हैं, जिनकी एलाइजा रिपोर्ट भी पॉजिटिव आ रही है।

## आजम और उनके करीबियों पर यूपी से एमपी तक

# आयकर विभाग की रेड

जन एक्सप्रेस | रामपुर

सपा नेता आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को इनकम टैक्स ने आजम और उनके करीबियों पर यूपी से एमपी तक रेड मारी। यूपी के रामपुर में आजम की कोठी पर छापा पड़ा। इसके अलावा मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ में भी रेड पड़ी। वहीं, मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में सपा के पूर्व सांसद के घर पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मौलाना अली जौहर ट्रस्ट से जुड़ी बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, आजम के जौहर ट्रस्ट के सभी 11 ट्रस्टी के यहां पड़ा छापा है। रामपुर के भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने 2019 में इनकम टैक्स विभाग में शिकायत की थी। इसमें कहा था कि ट्रस्ट को 60 करोड़ का डोनेशन देने वाले लोगों ने खुद कभी इनकम टैक्स नहीं भरा है। हालांकि, आयकर विभाग की तरफ से कार्रवाई को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### लखनऊ में आजम के वकील के घर छापा

लखनऊ में आजम खान के वकील मुस्ताक अहमद सिद्दीकी के घर पर इनकम टैक्स की छापेमारी चल रही है। वजीरगंज के बलरामपुर हॉस्पिटल के पास वकील का घर है। यहां भारी मात्रा में पुलिस फोर्स लगाया गया है। टीम के अधिकारी घर के अंदर मौजूद है। वकील सिद्दीकी जौहर यूनिवर्सिटी में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात है। वह आजम के बेहद करीबी हैं। इन्होंने पूर्व में आजम के कई मुकदमे भी लड़े हैं।



**सपा का ट्वीट:** समाजवादी पार्टी ने भी आजम खां के ठिकानों पर हुई कार्रवाई को लेकर ट्वीट किया। लिखा कि जनाब आजम खां साहब सच की आवाज़ हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी, तालीम-शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय बनाया। आज़म साहब सदैव फ़िरक़ापरस्त ताक़तों से लड़ते रहे हैं। आज उनकी आवाज़ के साथ हम सब एकजुट होकर खड़े हैं। भाजपा सरकार तानाशाही एवं केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग बंद करे। भाजपाई इतना याद रखे कि तानाशाहों के अहंकार का अंत अवश्य होता है, 2024 में जनता जवाब देगी।

### रामपुर में आजम की कोठी को कब्जे में लिया

आयकर की टीम तड़के आजम के रामपुर स्थित घर पहुंचीं। टीम ने कोठी को कब्जे में ले लिया। बाहर फोर्स तैनात कर दी। किसी को भी अंदर-बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। छापेमारी की खबर सुनकर वहां काफी भीड़ लग गई। हालांकि, पुलिस ने भीड़ को हटा दिया। फिलहाल, खबर है कि छापेमारी के दौरान आजम घर पर ही हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। इसके अलावा रामपुर में आजम के करीबी पूर्व विधायक नसीर खान के घर पर भी आयकर का छापा पड़ा है।

### आजम की बहन के घर भी पहुंची थी टीम

- लखनऊ के रिवर बैंक कॉलोनी में आजम खान की बहन का एक मकान है। यहां जब टीम पहुंची, तो लोगों ने बताया कि सुबह एक गाड़ी में कुछ लोग आए थे। वो आयकर विभाग के थे या किसी और विभाग के, ये कोई पुष्टि नहीं कर सका। चूंकि ये मकान नगर निगम की तरफ से सील है, इसलिए वो लोग वापस चले गए।

### सीतापुर के रीजेंसी स्कूल में छापा, यहां की जेल में बंद रहे हैं आजम

- सीतापुर में आयकर ने शहर के नामचीन रीजेंसी स्कूल में छापा मारा है। इस स्कूल के आजम से तार जुड़े होने की आशंका है। यह स्कूल एमएफ जैदी नाम के शख्स का है। वह पेशे से कारोबारी हैं। टीम ने स्कूल का गेट बंद कर दिया है। आजम सीतापुर जिला जेल में बंद रह चुके हैं। अफसर 3 इनोवा कार से पहुंचे हैं। टीम में करीब 5 अफसर हैं। आयकर टीम स्कूल में दस्तावेजों को खंगाल रही है। प्रिंसिपल ऑफिस में जांच कर रही है।

### सहारनपुर में सीए केजी अग्रवाल के ऑफिस पर रेड

- सहारनपुर में जौहर यूनिवर्सिटी के सीए पैनल से जुड़े सीए केजी अग्रवाल के दफ्तर पर छापा पड़ा। यहां आयकर की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। इसके अलावा स्टाफ से भी पूछताछ कर रही है। केजी अग्रवाल केंद्र में स्वास्थ्य सचिव रहे लव अग्रवाल के पिता हैं। जिन्होंने कोरोना काल में कार्यभार संभाला था। कोरोना काल में केजी अग्रवाल के छोटे बेटे ने सुसाइड कर लिया था। इसके बाद वह दुबई शिफ्ट हो गए थे।

### मध्य प्रदेश के विदिशा में पूर्व सांसद घर पर रेड

- आयकर की टीम मध्य प्रदेश के विदिशा में भी जांच के लिए पहुंची है। यहां यूपी से सपा के राज्यसभा सांसद रहे चौधरी मुनव्वर सलीम के घर पर भी छापा मारा है। बुधवार सुबह यूपी पुलिस के साथ लोकल पुलिस भी उनके आवास पर पहुंची है। डंडापुरा स्थित आवास परिसर में सलीम के बेटों के अलावा उनके दो भाइयों के आवास भी है। चौधरी मुनव्वर सलीम का 4 साल पहले 66 साल की उम्र में निधन हो गया था। उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। चौधरी मुनव्वर सलीम मप्र के विदिशा जिले के रहने वाले थे, उन्होंने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से दो बार और विदिशा के सिरोंज विधानसभा क्षेत्र से एक बार चुनाव लड़ा था।

### मेरठ में आजम के रिश्तेदार के घर पर छापा

मेरठ के भवानी नगर में भी आयकर की टीम ने जल निगम के पूर्व इंजीनियर जकीउर रहमान के घर पर छापा मारा। यहां से तमाम दस्तावेज कलेक्ट कर रही है। बताया जा रहा है कि जकीउर रहमान बड़े कारोबारी हैं। लालकुर्ती मार्केट में उनकी कई दुकानें हैं। इसके अलावा वह अपनी नौकरी के दौरान रामपुर में तैनात रहे। उस दौरान वह आजम खान के संपर्क में आए थे।

### गाजियाबाद में आजम की करीबी एकता कौशिक के घर रेड

आयकर विभाग ने गाजियाबाद में एकता कौशिक के घर पर छापेमारी की है। ये छापेमारी गाजियाबाद के राजनगर स्थित आवास पर बुधवार सुबह से चल रही है। घर के गेट बंद हैं। किसी को अंदर आने या बाहर जाने की परमिशन नहीं है। एकता की गिनती आजम फैमिली के करीबियों में होती है और वही जौहर अली ट्रस्ट का ज्यादातर कामकाज संभालती हैं।

### राम गोपाल यादव ने कहा, दिल्ली में बैठे लोग हताशा में ये कर रहे

सपा नेता आजम खान से जुड़े कई परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी पर सपा सांसद राम गोपाल यादव का कहना है, 'ऐसा लगता है कि दिल्ली में बैठे लोग हताशा में ये कदम उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर सैकड़ों लोग आजम खान पर झूठे मुकदमे दायर किए गए। जहां तक इनकम टैक्स छापे की बात है, तो मुझे नहीं लगता कि उनके जैसे ईमानदार आदमी के घर पर ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए। उनके पास अपना कुछ भी नहीं है, विश्वविद्यालय से संबंधित कुछ है और यह सार्वजनिक है। अगर लोग राजनीति में इस तरह के निम्न स्तर तक गिर जाएंगे, तो यह किसी के लिए भी सही नहीं होगा।'

### बीजेपी बोली, छापेमारी से न तो बीजेपी का, न ही सरकार का लेना-देना

बीजेपी प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, उपचुनाव में जीत के बाद सपा मघांद हो गई है। वो अनर्गल बयान दे रही है। अब तो अखिलेश यादव को जी-20 में भी घोसी चुनाव नजर आ रहा है। उनके विषय में क्या कहा जाए? आजम के खिलाफ कई एजेंसी अलग-अलग मामलों में जांच कर रही हैं। उन्हें जिस तरह का इनपुट मिल रहा है। उसी आधार पर आगे बढ़ रही है। इससे न तो बीजेपी का लेना-देना है। न सरकार का।'

### कांग्रेस बोली, आजम डरने वाले नहीं

कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने कहा, 'आजम के यहां छापेमारी कोई पहली घटना नहीं। भाजपा की सरकार जब-जब डरती है, तब-तब छापेमारी से अपने काम करवाकर हेडलाइन मैनेजमेंट का काम करती है। आजम डरने वाले नहीं है। टूटने वाले नहीं है। आजम हेमंत विश्वकर्मा, सुरेंद्र अधिकारी, नारायण राणे, अजीत पवार नहीं है। आज की छापेमारी दिल्ली में शरद पवार के घर हो रही इंडिया की बैठक का डर दिखाती है। भाजपा को ध्यान रहे कि इससे कोई काम नहीं चलेगा। 2024 में इंडिया आ रही है, भाजपा जा रही है।



### वर्ष 2019 में हुए थे जांच के आदेश

तत्कालीन सांसद आजम खां पर बेनामी संपत्ति और टैक्स में अनियमितता का आरोप वर्तमान विधायक भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में लगाया था। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय में शिकायत कर दस्तावेज सौंपे थे। पूरे मामले को देखते हुए केंद्रीय मंत्रालय ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को जांच के आदेश दे दिए थे। आरोप था कि सांसद आजम खां ने 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद 560 एकड़ भूमि में जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इसमें नियमों और कानून को ताख पर रखकर सरकारी धन का दुरुपयोग और जमीनों पर कब्जा करने की बात कही थी। इसके अलावा गरीब किसानों एवं अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों को जबरन अपने नाम करवा कर उस पर भवन निर्माण कराने का आरोप था। आजम खां पर ठेकेदारों, उद्योगपतियों से करोड़ों रुपये चंदे के रूप में लेकर काले धन को सफेद करने की भी कोशिश का भी आरोप था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जौहर विश्वविद्यालय में स्थित भवन निर्माण के अंतर्गत किसी भी तरीके का कोई सेस एवं कोई टैक्स नहीं जमा किया गया है।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# बाराबंकी में बाढ़ जैसा हाल, 2000 लोग फंसे, 620 लोगों का रेस्क्यू, अभी 5 दिन बरसेंगे बादल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में 2 दिन की जोरदार बारिश के बाद मानसून फिर थम गया। बाराबंकी में 330 मिमी रिकॉर्ड बारिश के बाद वहां बाढ़ जैसे हालत हैं। वहां लगातार 3 दिनों से स्कूल बंद हैं। शहर के रिहायशी इलाके में पानी भरा है। प्रशासन जगह-जगह पंप लगाकर पानी बाहर निकालने का कोशिश कर रहा है। एनडीआरएफ ने बाढ़ प्रभावित इलाके से 620 लोगों को रेस्क्यू किया है। अभी 2 हजार लोगों के फंसे होने की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को बेवजह बाहर न निकलने की अपील की है। एनडीआरएफ के साथ ही एसडीआरएफ, फ्लड यूनिट की बटालियन भी रेस्क्यू में लगी है। वहीं, संभल में बारिश से हुए हादसे में एक पिता और 2 मासूम बच्चों की मौत हो गई।



### 17 सितंबर तक बारिश का पूर्वानुमान

कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, 17 सितंबर तक बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि, तापमान में कोई खास वृद्धि नहीं होगी। वहीं एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर समुद्र तल से 3.1 से 7.6 किमी के बीच ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। जिससे बारिश की एक्टिविटी बढ़ सकती हैं।

### 17 जिलों में बारिश का अलर्ट

उधर, मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, मिर्जापुर और सोनभद्र में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### संभल में बारिश के बीच मकान ढहा, पिता-2 बेटों की मौत

संभल में मंगलवार रात को बारिश से कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबा में दबकर पिता महावीर और दो मासूम बेटों की मौत हो गई। जबकि पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह पूरा मामला जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव घोंसली वाहन का है। इस गांव में रहने वाले महावीर का कच्चा घर है। बीती देर रात बारिश के कारण उसकी छत ढह गई। मकान में सो रहा पूरा परिवार उसमें दब गया। इसमें महावीर के साथ डेढ़ महीने का बच्चा सचिन, 2 साल का ऋतिक की मौत हो गई। जबकि 30 वर्षीय सुनीता गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

### अच्छी बारिश के बाद भी 38 जिले सूखे की कगार पर

सामान्य मानसून की बारिश के बावजूद यूपी के 38 जिले सूखे की कगार पर पहुंच चुके हैं। अब लौटता हुआ मानसून ज्यादा बारिश की उम्मीद खो चुका है। ऐसे में रेड जोन वाले जिले सूखाग्रस्त घोषित किए जा सकते हैं। 1 जून 2023 से 12 सितंबर तक बारिश के जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चौंकाने वाले हैं। हालांकि सितंबर में बीते 3 दिनों में हुई बारिश ने भी खास फर्क नहीं डाला। बाराबंकी में मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आ गई है। शहर पानी से घिरकर टापू बन गया है। ड्रोन से लिए गए नजरों में पूरा शहर पानी में डूबा दिख रहा है। लोग छतों पर गुजारा कर रहे हैं।

### ये जिले बारिश न होने से सूखे की कगार पर

आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, गाजियाबाद (47प्रतिशत), बुलंदशहर (24प्रतिशत), पीलीभीत (42प्रतिशत), श्रावस्ती (31प्रतिशत), उन्नाव (46प्रतिशत), कानपुर देहात (21प्रतिशत), औरैया (32प्रतिशत), बस्ती (37प्रतिशत), गोरखपुर (24प्रतिशत), अंबेडकर नगर (24प्रतिशत), देवरिया (31प्रतिशत), कानपुर (23प्रतिशत), वाराणसी (34प्रतिशत), सोनभद्र (30प्रतिशत), सिद्धार्थ नगर (35प्रतिशत), आजमगढ़ (30प्रतिशत), सुल्तानपुर (32प्रतिशत), अमेठी (22प्रतिशत), कौशांबी (53प्रतिशत), प्रयागराज (46प्रतिशत), मिर्जापुर (22प्रतिशत), जौनपुर (49प्रतिशत), बलिया (57प्रतिशत), लखनऊ (13प्रतिशत), देवरिया में 31प्रतिशत औसत से कम बारिश दर्ज की गई। कम बारिश होने की वजह से ये जिले रेड जोन में हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 13-17 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.8 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 75 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 1.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कल्याणपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने मचाया आतंक, किसी न किसी को रोजाना बना रहे निशाना

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर अपनी धमा चौकड़ी मचाने से बाज नहीं आ रहे हैं। आए दिन कोई ना कोई घर इन चोरों के निशाने पर आ ही जाता है। मंगलवार को भी इन चोरों ने नानकारी में एक बंद घर को अपना निशाना बनाते हुए 13 लाख के जेवरात और 2 लाख रुपए कैश पार कर दिया और फरार हो गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी घटना कैद हुई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई। खोजी कुत्ता घर से क्षेत्र के एक शराब ठेके तक गया और भटक कर वापस आ गया। कल्याणपुर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश कर रही है। कल्याणपुर के नानकारी निवासी पीड़ित प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते 9 सितंबर को वह उनकी पत्नी सुनीता,बड़ा बेटा अनुज,आलोक,बहु गुंजन मिश्रा, प्रियंका मिश्रा,बालाजी दर्शन करने गए थे। वह और उनकी पत्नी सुनीता 12 सितंबर की देर रात तीन बजे वापस लौटे तो घर का में गेट खुला था। जब वह घर के अंदर दाखिल हुए तो कमरे का ताला टूटा था वहीं अलमारी में रखी लाखों की नकदी और जेवरात गायब मिले। चोरों ने लगभग 17 लाख रुपए का माल पर कर दिया था। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें एक महिला और दो पुरुष चोर नज़र आ रहे हैं।



### परिवार सोता रहा, चोर ले उड़े लाखों का माल

कल्यानपुर थाना क्षेत्र में शातिरों ने एक प्राइवेट कर्मी के घर से नकदी समेत करीब साढ़े पांच लाख के गहनें पार कर दिये। घटना के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था। भोर पहर जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। घटना 29 अगस्त की है। पीड़ीत का कहना है कि मामले में पुलिस ने अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। सत्यम विहार में अशोक पत्नी सुमित्रा व बच्चों के साथ रहते हैं। उन्होंने थर्ड फ्लोर प्राइवेट कर्मी नरेंद्र व उनकी पत्नी रिंकी को किराये पर दिया हुआ है। नरेंद्र ने बताया कि 29 अगस्त की रात को वह परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। रात करीब 3 बजे उनकी नींद खुली तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गई। अलमारी खुली हुई थी। अलमारी से पांच लाख के आभूषण और 12 हजार की नकदी समेत अन्य सामान गायब था। चोरी गए माल की कीमत करीब साढ़े 5 लाख रुपए बताई। नरेंद्र का कहना है कि उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़ीत का कहना है कि अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 13 सितंबर को पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एलएलबी छात्रा के कमरे से चोरी

चोरों ने एलएलबी की तैयारी कर रही छात्रा के कमरे से नगदी और गहने पार कर दिए हैं। छात्रा ने बगल के कमरे में रहने वाली छात्रा पर शक जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कल्यानपुर निवासी जया सोनी ने बताया कि वह रामा यूनिवर्सिटी मंधना से एलएलबी की डिग्री की तैयारी कर रही है। उसके कमरे से 4 हजार की नगदी और जेवर व मोबाइल चोरों ने पार कर दिया है। पीड़िता ने बगल के कमरे में रहने वाली छात्रा पर चोरी का शक जाहिर करते हुए बुधवार को थाने में तहरीर दी है।

### डिपार्टमेंटल स्टोर में चोरी

कल्यानपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक किराने की दुकान को निशाना बनाकर नकदी समेत माल पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। रावतपुर गांव निवासी अमित तिवारी ने बताया कि उनका सत्यम बिहार निवासी रजत के मकान में किराये पर डिपार्टमेंटल स्टोर है। रोज की तरह वह रात को दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो आवाक रह गए। दुकान का शटर उठा हुआ था। बताया कि चोरों ने गल्ले में रखे 32 हजार कैश और 15 हजार की कास्टमेटिक का सामान गायब था। चोरी गए माल की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई। पीड़ीत ने थाने में तहरीर दी है।

### पीएचडी कर रहे स्टूडेंट के रूम में हुई चोरी, मुकदमा दर्ज

थाना कल्यानपुर क्षेत्र के आईआईटी परिसर में पीएचडी की तैयारी कर रहे स्टूडेंट के रूम से लैपटॉप मोबाइल चोरी होनी की घटना सामने आई है।क पीड़ित स्टूडेंट ने कल्याणपुर थाने में अज्ञात चोर खिलाफ शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।।महाराष्ट्र निवासी धनंजय भरत सातव कानपुर आईआईटी में रहकर पीएचडी कर रहा है धनंजय भरत सातव ने कल्याणपुर पुलिस को दी दहरीर में बताया कि बीते शनिवार वह दोपहर लगभग 2:00 बजे अपने दोस्तों के साथ बाहर गया हुआ था जब लौटकर आया तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ मिला रूम के अंदर दाखिल होने पर लैपटॉप व लैपटॉप का चार्जर और मोबाइल चोरी हो चुका था इसके बाद आसपास अपना सामान ढूंढ रहा था तभी अभिषेक जो कि मेरे हॉल में रहता है उसका भी लैपटप चोरी हो चुका था वह दोनो मिलकर सामान ढूंढ रहे थे ढूंढते हुए हाल -03 में पहुंचे तब अंचित गुप्ता ने बताया गया कि उसका भी लैपटाप व चार्जर चोरी हुआ है घडी, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि हम लोग अभी आपस में ही एक दूसरे पर शक करते हुए खोजते रहे लेकिन नही मिले कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित स्टूडेंट की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## तेज़ रफ्तार डंपर और पिकअप लोडर की टक्कर में चार की मौत नौ घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना बिधनू क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार डंपर व पिकअप लोडर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जहां कई घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बिधनू के हमीरपुर रोड पर अफजलपुर गांव के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने पिकअप लोडर में सामने से टक्कर मार दी। जिसके चलते पिकअप हाईवे किनारे जाकर पलट गई। जिसमे 14 लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक मासूम बच्ची और महिला समेत 4 को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं 9 लोग गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें तत्काल हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे में सादिक पुत्र मुन्ना नि. भदरसा, घाटमपुर, कानपुर नगर उम्र 55 वर्ष, सहनाज पत्नी सादिक, हाजरा पत्नी बुदरतदीन नि. घुमउपुर, सेन पश्चिम पारा,गोलू पुत्री तौफीक नि0 कस्बा भोगनी पुर उम्र 4 वर्ष, की मौत हुई है। शिव देवी,अनीस अहमद, नसरुद्दीन, कुदरत, फुकरान, मुस्तकीम, सद्दाम और शिफा घायल हैं।

## वैश्विक स्तर पर कनाडा और चीन के बाद भारत तीसरा मुख्य सरसों उत्पादक



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के प्रसार वैज्ञानिक डॉ.राजेश राय ने बुधवार को किसानों को राई सरसों की फसल की जानकारी दी। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय कृषि अर्थव्यवस्था में तिलहनी फसलों का द्वितीय स्थान है। वैश्विक स्तर पर कनाडा और चीन के बाद भारत तीसरा मुख्य सरसों उत्पादक एवं सातवा सरसों के तेल का निर्यातक देश है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में राई-सरसों का कुल क्षेत्रफल लगभग 7.53 लाख हेक्टेयर तथा कुल उत्पादन लगभग 11.53 लाख मैट्रिक टन है।
उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सरसों की प्रमुख प्रजातियां जैसे वरुणा, वैभव, रोहिणी, माया, कांति, वरदान,आशीर्वाद एवं बसंती हैं। जबकि तोरिया की टाइप-9, भवानी, तपेश्वरी,आजाद चेतना, पीतांबरी प्रमुख प्रजातियां हैं। जबकि पीली सरसों में पीतांबरी प्रमुख प्रजाति है। डॉ.राय ने बताया कि बुवाई के लिए 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक का समय उचित रहता है। जबकि अति शीघ्र पकने वाली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कांति प्रजाति की राई का समय 15 सितंबर से 30 सितंबर तक है। तथा विलंब की दशा में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक वरदान व आशीर्वाद उत्तम प्रजातियां रहती हैं। सरसों के तेल के गुणो के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह तेल स्वास्थ्य टानिक के रूप में, रक्त निर्माण में योगदान, हृदय, मधुमेह पर नियंत्रण, कैंसर प्रतियोगी, जीवाणु फफूंदी प्रतिरोधी, ठंड और खांसी निवारक, जोड़ों के दर्द और घटिया उपचार तथा अस्थमा निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया की सरसों से निकलने वाले अवशिष्ठ ठोस पदार्थ को खली कहते हैं खली में 38 से 40 फीसदी प्रोटीन पाया जाता है जो कि पशु आहार में प्रयोग करते हैं जिससे कि पशुओं को लाभ होता है।

## दो दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स काइनेसियोलॉजी टेपिंग वर्कशॉप का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में बुधवार को दो दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स काइनेसियोलॉजी टेपिंग वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ। जो कि विशेषकर फिजियोथेरेपी के छात्र-छात्राओं के लिए रही। वर्कशॉप में इस नई तकनीक को सीखने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के साथ इसे आने वाले मरीजों पर भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। जिनके माध्यम से फिजियोथेरेपी और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सकता है। लखनऊ के गोयल हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ.रोहित श्रीवास्तव ने काइनेसियोलॉजी टेपिंग के उपयोग से रोगी को कैसे सुधारे संबंधित विषय पर जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न टेपिंग तकनीकों का विवरण देते हुए इसे फिजियोथेरेपी में प्रयोग करने के बारे में बताया। संस्थान के सहायक निदेशक डॉ.मुनीश रस्तोगी ने कहा कि यह वर्कशॉप प्रातिक्रियात्मक ज्ञान और हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान करेगा जो क्लिनिकल सेटिंग्स में सीधे लागू होगा। उन्होंने कहा कि इससे फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नए अवसर और करियर के मार्ग खुलेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. चन्द्रशेखर कुमार, डॉ. आकांक्षा बाजपेयी , डॉ. हिना वैश, डॉ. उमेश मौर्या, वर्तिका श्रीवास्तव, आमेना जैदी आदि मौजूद रहे।







## ग्रामीण बैंक कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** बड़ौदा यू.पी.बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय काकादेव में बुधवार को ग्रामीण बैंक कर्मियों ने अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक बड़ौदा यू.पी.बैंक के माध्यम से बड़ौदा यू.पी.बैंक के चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वर्तमान में प्रयोजक बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा एव बड़ौदा यू.पी.बैंक प्रबंधन की कार्मिकों के प्रति अपनाई जा रही नीतियों के विरुद्ध अपनी बिभिन्न मांगो को लेकर बड़ौदा यू.पी.बैंक में कार्यरत सभी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ बड़ौदा यू.पी.बैंक यूनियन्स के बैनर तले संयुक्त रूप से संघर्ष की घोषणा की गयी है। जॉइंट फोरम ऑफ़ बड़ौदा यू.पी.बैंक यूनियन्स के अध्यक्ष सुधीर कुमार पांडे ने बताया कि ग्रामीण बैंक कर्मियों द्वारा अभी नही तो कभी नही, करो या मरो के नारे के साथ प्रबन्धन की नीतियों का विरोध करते हुए? बी.सी.जी.को वापस करना , नई भर्ती एव पदोन्नति प्रक्रिया को अतिशीघ्र सम्पन्न कराना ,सभी प्रयोजक बैंक के अधिकारियों की वापसी जैसे मुद्दों को लेकर बैंक के 30 क्षेत्रीय कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। किंजल्क त्रिवेदी ने कहा कि यह आंदोलन ग्रामीण बैंक के भविष्य को सुरक्षित रखने में सफल के संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ किया जा रहा है। जिसको लेकर आंदोलन के प्रथम चरण में भारी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन में भाग लिया। धरने के दौरान चेयरमैन ज्वाइंट फोरम विकास सुधीर पाण्डेय, प्रवीण, किंजल्क कुमार त्रिवेदी, डी.पी.शुक्ला, मनोज कटियार, सुशील मिश्रा, पी.सी.शुक्ला, धीरेन्द्र, नीलम पाठक, रिषा तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कानपुर की बेटी ने लहराया परचम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



स्वस्तिका शुक्ला ने कानपुर का नाम रोशन किया है स्वस्तिका शीलिंग हाउस स्कूल की कक्षा 4 की छात्रा हैं उन्होंने शीलिंग हाउस स्कूल में नेशनल लेवल स्पे. बी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान वा राज्य स्तर पे पहला स्थान प्राप्त कर कानपुर का नाम रोशन किया है। स्वस्तिका को 1अक्टूबर को बैंगलोर में अवार्ड और उपहार से सम्मानित किया जाएगा।

## कमिश्नर और विधायक से व्यापारी बोले मार्ग खुलवा दीजिए नहीं तो व्यापार होगा चौपट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर के कट बंद होने के कारण पनकी रोड पर ग्राहकों को आने में बड़ी समस्या होती है । ग्रामीण व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने कानपुर पुलिस आयुक्त को इंदिरा नगर का मार्ग खोलने के लिए बुधवार को ज्ञापन सौंपा है। पुलिस आयुक्त डॉ. आर स्वर्णकार को ज्ञापन देते हुए ग्रामीण व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने बताया कि कल्याणपुर पनकी रोड पर वनवे व जीटी रोड इंदिरा नगर कट जब से बंद किया गया है तब से वहां पर व्यापार चौपट हो गया है। दुकानदार अपने कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दे पा रहा है। सुबह से शाम दुकान पर कोई भी ग्राहक नहीं आता है। जीटी रोड और पनकी रोड दोनों ओर के सभी व्यापारी अपने दुकान का किराया भी नहीं निकल पा रहे हैं ।अगर यह व्यवस्था को खत्म नहीं किया गया तो हम व्यापारियों को अपनी दुकान मजबूरन बंद करनी पड़ेगी और यह 50 साल पुरानी बाजार पूर्ण रूप से चौपट हो जायेगी। इसी मामले में दूसरा ज्ञापन विधायक का नीलिमा कटियार को भी व्यापारियों के द्वारा सौंपा गया है।

## दबंगों से त्रस्त महिला ने प्रेस क्लब में लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बेकनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक पीड़िता ने पड़ोस में ही रहने वाले दबंगो पर मारपीट एवं अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में कानपुर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वह मकान नंबर 93/16 रजवी रोड, थाना बेकनगंज क्षेत्र अंतर्गत रहती हैं। मकान में उनकी सास अकलीमा बेगम रहती थी। जिनकी मृत्यु हो गई है। सास की मृत्यु के बाद पीड़िता और उसके बच्चों को वारसन मकान प्राप्त हुआ है, लेकिन गुलाम साबिर पुत्र इस्लाम व उनके लड़के राशिद, बिल्लू उसका मकान हड़पना चाहते हैं । आरोप लगाया कि उनके परिवार पर कई बार जानलेवा हमने किया जा चुके हैं पर अभी तक पुलिस ने कोई उचित कार्यवाही नहीं की है। जिसकी अभी तक एफ आई आर नहीं लिखी गई है।



## फर्जी आधार कार्ड मामले में इरफान की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

✻ समर्थकों का टूट रहा हौसला, कवच की भी रही चर्चा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जनपद महाराजगंज की जेल में दिन और रात बेचैनी से काट रहे सपा विधायक इरफान सोलंकी की फर्जी आधार कार्ड मामले में जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा बीते दिन बुधवार को खारिज कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने विधायक की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सोलंकी के खिलाफ गंभीर अपराध के मामलों में मुकदमा दर्ज है। इसलिए अभी जमानत नहीं दी सकती है। क्योंकि अभी कुछ मामलों में आरोप तय होना बाकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय ने इरफान सोलंकी के अधिवक्ता की उन दलीलों को भी खारिज कर दिया। जिसमें कहा कि वह भागेगे नहीं और सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वहीं न्यायालय में उप्र सरकार ने इरफान सोलंकी की जमानत का कड़ा विरोध किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि अपराध के बाद ये फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के जरिए हवाई यात्रा करते थे। इसके सीसीटीवी सबूत भी मिले हैं। ज्ञातव्य हो कि फर्जी आधार कार्ड उपयोग कर अशरफ़ अली बन हवाई यात्रा करने के मामले मे इरफान सोलंकी ने जमानत की मांग की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में सपा विधायक को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इरफान सोलंकी की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस रविंद्र भट्ट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। वहीं सपा विधायक के ओर से वकील आर बसंत ने उनका पक्ष रखा। इरफान सोलंकी के अलावा उनके भाई रिजवान सोलंकी भी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि फर्जी आधार कार्ड के सहारे इरफान ने फरारी के दौरान दिल्ली से मुंबई तक अशरफ अली बनकर हवाई यात्रा की थी। इस मामले में इरफान सोलंकी के खिलाफ ग्वालटोली थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज गया। इसके अलावा सपा विधायक पर महिला का घर फूंकने, गुंडा टैक्स मांगने का भी आरोप है। इरफान समेत अन्य के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का भी मुकदमा दर्ज है।

### पूर्व अधिवक्ता गौरव दीक्षित के भी नाम की रही चर्चा

बीते दिन जैसे ही सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया कि सपा विधायक इरफान सोलंकी को फर्जी आधार कार्ड इस्तेमाल करने के मामले में फिलहाल अभी जमानत नहीं दी जा सकती है उसके बाद विधायक के समर्थकों में मातम सा छा गया। इस दौरान मुस्लिम क्षेत्रों में सबसे ज्यादा चर्चा विधायक के पूर्व में सबसे ज्यादा चर्चित रहे वकील गौरव दीक्षित की रही जिन्हें इरफान के कवच का भी नाम दिया गया था। आपको बताते चले कि गौरव दीक्षित के द्वारा सपा विधायक इरफान सोलंकी के परिजनों द्वारा उनकी फीस न दिए जाने के कारण उन्होंने मुकदमे में पैरवी से इनकार कर दिया था। लोग यह भी कहते हुए नजर आए कि जब से कवच हटा है कोई भी अच्छी खबर इरफान को लेकर नहीं आई है।

## मकनपुर मे धूमधाम से मनाया गया अमीरूल औलिया सेमिनार

✻ दूर दराज के दर्जनों उलेमाओं ने शिरकत कर अमन और इंसानियत का पैगाम दिया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर





बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर में एक दिवसीय अमीरूल औलिया सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों की तादाद में उलेमा और इस्लामिक स्कॉलर्स ने शिरकत कर अमन और इंसानियत का पैगाम दिया। बिल्हौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत जिंदा शाह मदार की नगरी मकनपुर में मंजर ए अबुल वकार मदारिया सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान बारी बारी से उलेमाओं ने स्टेज पर आकर हजरत जिंदा शाह मदार के सिलसिले से दर्जा प्राप्त हजरत अबुल वकार और हजरत मंज़र अली मदारवी के दीन और इंसानियत पर किए गए कार्यों के बारे में अपने ख्यालात जाहिर किए और बताया कि लोगों को उनके बेहतरीन कार्यों की जानकारी होना बहुत महत्वपूर्ण है। हजरत के मिशन को आगे बढ़ाते हुए अमन और इंसानियत पर जोर देने की मौजूदा लोगों को हिदायत दी गई। वहीं कार्यक्रम में आए अतिथियों को मदारिया सिलसिले की अहम किताबें मुहैया कराई गई। बारिश के बावजूद सेमिनार में लोगों की खासा तादाद बनी रही। आखिर में उलेमाओं ने मुल्क की खुशहाली, अमन और इत्तेहाद के लिए दुआ की। इस पर तमाम मौजूदा लोगों ने अमीन की सदा बुलन्द की। इधर, साहिबे सज्जादा अजहर अली मदारवी ने बताया कि सेमिनार के जरिए कौम को गुमराही से बचाते हुए अच्छाई की तरफ मुंतकिल करना है। इस मिशन को बढ़ाना वक्त की जरूरत है और वह इसकी कोशिश में लगातार दिन रात एक कर रहे हैं।

## पीएम मोदी के 73वें जन्मदिवस पर भा0ज0यु0मो0 करेगा रक्तदान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस को पूरा देश बड़े ही धूमधाम से मनाएगा ,इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ,उत्तर द्वारा जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजन किये जा रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के 73वें जन्मदिवस पर भा0ज0यु0मो0 के ÷सेवा एवं समर्पण÷ अभियान के तहत द 18 सितम्बर को मोर्चा कानपुर उत्तर आई0एम0ए0 ब्लड बैंक, परेड, कानपुर नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा, जिसमें युवा मोर्चा द्वारा लगभग 400 यूनिट ब्लड डोनेट किया जायेगा।

# चारबाग स्टेशन में 'फटा बम'

## आतंकवादी की सूचना पर एनएसजी कमांडो ने लिया मोर्चा, रेलवे प्रशासन बोला, पुलिस कार्रवाई है, परेशान न हों

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ का चारबाग स्टेशन...समय- 3:55 बजे, हाथों में गन लिए ब्लैक ड्रेस पहने कमांडो ने स्टेशन को चारों तरफ से घेर लिया। उन्होंने स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म को अपने कब्जे में लिया। प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों को सुरक्षा के बीच बाहर ले गए। इसके डॉग स्क्वॉयड ने चेकिंग शुरू कर दी। अंदर आने-जाने पर रोक लगा दी। यह देखकर वहां मौजूद यात्री सहम गए। करीब 30 मिनट तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। तभी रेलवे ने अनाउंस किया कि यह पुलिस कार्रवाई है। इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए एटीएस ने पुलिस, जीआरपी और रेलवे पुलिस के साथ मॉक ड्रिल किया। इसी के तहत दोपहर 3ः55 बजे चारबाग स्टेशन पर बम फटने की सूचना दी गई। बताया कि प्लेटफार्म नंबर 6 पर पानी की टंकी के पास बम फटा है। इसके बाद आतंकवादी मवैया की तरफ निकल भागे हैं। इसके बाद कमांडो ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव का काम शुरू किया। बता दें, एनएसजी ने चारबाग के अलावा आलमबाग स्टेशन, प्लासियो और फिनिक्स पर भी इसी तरह से मॉक ड्रिल किया। एनएसजी ने मॉक ड्रिल के लिए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के साथ ही जिला प्रशासन से परमिशन ली है।

### ट्रैफिक डायवर्जन से परेशान हुए लोग

मॉक ड्रिल के चलते राजधानी पुलिस को भी अलर्ट पर रखा गया है और ट्रैफिक डायवर्जन के भी निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत मॉक ड्रिल से पहले चारबाग की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया जिससे सड़क पर जाम न लगे। हालांकि डायवर्जन के चलते जाम की स्थिति रही। वहीं, ह्स्त्र कमांडो और यूपी पुलिस के इस मॉक ड्रिल चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़ा।

### आज भी किया जाएगा मॉक ड्रिल

बुधवार को यूपी पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास 'गांडीव-5' को अंजाम दिया। यह संयुक्त अभ्यास गुरुवार को भी जारी रहेगा। अभ्यास के दौरान राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई। ये मॉड ड्रिल्स लखनऊ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर संपन्न हुई।

### स्पेशल डीजी ने जारी की एडवाइजरी

मॉक ड्रिल को लेकर स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने आम जनता के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें उन्होंने लोगों से संयम रखने और विचलित न होने की अपील की। साथ ही किसी प्रकार की अफवाह न फैलाने और न ही अफवाहों पर ध्यान देने के लिए भी कहा। पुलिस प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल्स को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए जो भी दिशा निर्देश दिए जाएं, उनका अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है

# काकोरी पुलिस की मिली भगत से किसान हनीफ ने मनीष यादव पर लिखाया झूठा मुकदमा

- एम आर एस एस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से एग्रीमेंट करने के बाद किसान हनीफ के द्वारा धोखाधड़ी कर के दूसरे लोगों को बेची जा रही जमीन
- मामला बड़ा बताकर गुरुधुरी तालाब के चौकी इंचार्ज आशीष कुमार पांडे ने मनीष यादव से दो लाख रुपए की मांगी रिश्वत

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार सिंह



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में काफी समय से प्रॉपर्टी डीलरों के द्वारा एक जमीन को बेचने के बाद उसी जमीन को दूसरे को बेचना यह कोई नया मामला नहीं है। आपको बता दें कि एक रियल एस्टेट कंपनी एम आर एस एस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक मनीष यादव ने किसान खलील खान की जमीन जो कि खसरा संख्या 240, 264 व 266, का रकबा 1.9880 हेक्टयर करीब 3 साल पहले खरीदी थी। जिस पर कंपनी के द्वारा डेवलपमेंट करके थोड़े बहुत प्लाट भी बेचे गए थे। लेकिन किसान हनीफ व उनके तीन साथियों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज बनाकर इस जमीन को दूसरी कंपनी के नाम बेचने व काकोरी पुलिस की मिली भगत से मनीष यादव के ऊपर झूठा मुकदमा लिखा कर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। मनीष यादव ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि जिस किसान ने धोखाधड़ी की है, उसकी तहरीर काकोरी थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक दी गई व न्यायालय से एक सौ छप्पन तीन का मुकदमा भी लिखा गया। इसके बावजूद भी मनीष यादव की तहरीर पर काकोरी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया, जबकि चौकी इंचार्ज आशीष कुमार पांडे को सारे दस्तावेज दिखाने के बावजूद मामले को बड़ा बताकर मनीष यादव से दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई। किसान नेता मनीष यादव ने आगे कहा कि पैसा ना देने के कारण काकोरी पुलिस ने मनीष यादव पर झूठा मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# 2 साल की बच्ची को कार ने रौंदा

## सिल्वर हाइट अपार्टमेंट के बाहर खेल रही थी, शव सड़क पर रखकर हंगामा, पुलिस से नोकझोंक



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ से बड़ी खबर है। यहां कैसरबाग स्थित सिल्वर हाइट अपार्टमेंट के पास खेल रही दो साल की बच्ची को कार रौंदते हुए निकल गई। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही घरवाले और मोहल्ले के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को शांत करने में लगी है। हंगामा देखते हुए कैसरबाग सर्किल के तीनों थानों की पुलिस बुला ली गई। कैसरबाग थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गैरइरादतन हत्या के तहत केस दर्ज कर अपार्टमेंट और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के से गाड़ी और ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। परिजनों ने गाड़ी नंबर यूपी 32 एनएच 1969 के आधार पर पुलिस को तहरीर दी है।

### मामा के घर आई थी मासूम

बाराबंकी के चंदौली के रहने वाले दुर्गेश गुप्ता दो महीने पहले अपनी पत्नी कंचन और बेटी सृष्टि को कैसरबाग स्थित घसियारी मंडी स्थित ससुराल छोड़ गए थे। बुधवार रात करीब आठ बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित सिल्वर हाइट अपार्टमेंट के बाहर सृष्टि खेल रही थी। कंचन भी वहीं पास में मौजूद थी। तभी अपार्टमेंट से एक सफेद कार तेज रफ्तार से निकली। सामने खेल रही सृष्टि को कूचलते हुए निकल गई। मौके पर ही सृष्टि की मौत हो गई। बेटी को कार के नीचे आता देख कंचन चीखी, उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ड्राइवर की तलाश, परिजनों में आक्रोश

नाराज परिजन और मोहल्ले वालों ने हंगामा कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने की कोशिश की। लेकिन पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। इसे लेकर काफी देर तक परिजनों की पुलिस से नोंकझोंक हुई। देखते-देखते मोहल्ले वालों की भीड़ बढ़ने लगी। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि कार अहमद नाम का व्यक्ति चला रहा था। कार व चालक को पुलिस पकड़े। इसके बाद शव को हाथ लगाए। मामला बिगड़ता देख इंस्पेक्टर कैसरबाग ने सीनियर अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर एसीपी कैसरबाग प्रकाश चंद्र अग्रवाल पहुंचे। वहीं सर्किल के तीनों थानों की पुलिस बुला ली गई। परिजनों को पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया है।

# अवैध निर्माण पर चला एलडीए का डंडा

## निशातगंज और नाका में पांच मंजिला अपार्टमेंट सील, अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अवैध निर्माण के खिलाफ एलडीए का अभियान जारी है। बुधवार को निशातगंज और नाका में बने अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। जबकि पीजीआई इलाके करोड़ों रुपए की अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। नाका के मोती नगर इलाक में पांच मंजिला अपार्टमेंट समेत दो अवैध निर्माण एलडीए ने सील कर दिए। जोन छह के प्रवर्तन अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मिर्जा आफताब हैदर व अन्य द्वारा निशातगंज के न्यू हैदराबाद में कॉल्विन कॉलेज के पास भूखण्ड संख्या-411पार्ट पर लगभग 335 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एकल आवासीय मानचित्र का नक्शा पास था। इसके विरोध में बड़ा निर्माण कर लिया गया था। एक मंजिल की जगह पर पांच मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में पांचवी मंजिल पर पेंट हाउस का निर्माण करते हुए फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। उसको सील कर दिया गया है।

### 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल में हुआ निर्माण

ओंकार सिंह पुत्र करतार सिंह की ओर से नाका के मोती नगर में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सामने भूखण्ड संख्या-379बी, पार्ट पर लगभग 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। दोनों प्रकरण में विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता लल्लन प्रसाद के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

# लखनऊ हाई कोर्ट गेट पर वकीलों का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बुधवार को लखनऊ हाई कोर्ट के गेट पर वकीलों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने हापुड़ में लाठी चार्ज के मामले को लेकर डीएम-एसपी को हटाए जाने की मांग की वकीलों की मांग है। दोषी पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया जाए, वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। अवध बार एसोसिएशन, लखनऊ ने बुधवार को प्रदर्शन और हड़ताल पर रहने का ऐलान किया था। इसके अलावा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की तरफ से पूरे यूपी में सरकार से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया गया है। उत्तर प्रदेश में वकीलों का प्रदर्शन बीते 29 अगस्त से लगातार जारी है।


G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **04.10.2023** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि** का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। **डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

| निविदा सूचना संख्या | 10602023 दिनांक 04.09.2023 |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर -मुख्यालय/उ०रे०/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड इंजीनियर/कार्य/आलमबाग-पश्चिम/लखनऊ के परिक्षेत्र में आर०पी०एस०एफ०/तृतीय वाहिनी/लखनऊ में पुराने गोमती बैरक के प्रतिस्थापन में डाइनिंग हॉल तथा किचन/मेसिंग के साथ शौचालय स्नानागार सहित 80 बेड क्षमता वाले तीन मंजिला बैरक का निर्माण, पुराने एस०ओ० के बैरक के प्रतिस्थापन में डाइनिंग हॉल तथा किचन/मेसिंग के साथ शौचालय स्नानागार सहित 12 कमरे की क्षमता वाले एस०ओ० बैरक का निर्माण का कार्य तथा वरि० खण्ड इंजीनियर/कार्य/लोको/लखनऊ के परिक्षेत्र में उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय में कान्फ्रेंस हॉल का प्रावधान। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर-मुख्यालय/उ०रे०/लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर/कार्य/आलमबाग-पश्चिम/लखनऊ के परिक्षेत्र में भारतीय रेल परिवहन प्रबन्धन संस्थान में आरोही हॉस्टल, अभिनव हॉस्टल, आगंतुक हॉस्टल, टीचिंग ब्लाक, ऑफिसर्स मेस, टाइप-II (12 नं०), टाइप-IV (02 नं०), टाइप-V (10 नं०), टाइप-VI (01 नं०) में पानी आपूर्ति की पाइप लाइन, सीवरेज की मरम्मत, दरवाजे तथा खिड़कियों को बदलने का कार्य, टाइप-II (12 नं०), आरोही हॉस्टल, तथा अभिनव हॉस्टल की आंतरिक तथा बाहरी सतह की फिनिशिंग तथा पुताई, आरोही हॉस्टल, अभिनव हॉस्टल, एडमिन भवन, नवीन टीचिंग ब्लॉक, ऑडिटोरियम, नवीन मेस इत्यादि में संबंधित विभिन्न मरम्मत कार्य के साथ आंतरिक तथा बाहरी सतह की फिनिशिंग तथा पुताई का कार्य तथा सामने वाले मुख्य द्वार रोटरी से स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स तक, बंगला नं. 8 से सुरामाया लॉन से बंगला नं. 3 से बंगला नं. 1, सुरामाया मोड़ से टाइप-II ब्लॉक इत्यादि तक की सड़क की सतह की मरम्मत, पाथवे, एप्रन, ड्रेन की मरम्मत कार्यालय भवनों, ऑडिटोरियम, हॉस्टलों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के आवासों इत्यादि की टपकती छत की मरम्मत, रंगमंच, मोनूमेंटल फ्लेग मंच तथा आसपास इत्यादि तथा अन्य विविध मरम्मत कार्य। 3. सहायक मण्डल इंजीनियर प्रथम, उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन लखनऊ स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 08 व 09 के वॉशेबल एप्रैन को बदलने का कार्य तथा सैलून साइडिंग पर नये निर्माण का कार्य। |
| अनुमानित लागत | 1. ₹3,71,66,599.11 2. ₹5,26,45,837.06 3. ₹2,53,55,952.73 |
| धरोहर राशि | 1. ₹3,35,800/- 2. ₹4,13,200/- 3. ₹2,76,800/- |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 तथा 3 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ (08) माह। क्र.सं. 2 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः (06) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 1 से 3 के लिए: 20.09.2023 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 से 3 के लिए: 04.10.2023 को 15:00 बजे |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोटः** तकनीकी और वाणिज्य प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/PLXXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2829/2023


# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सीडीओ संग की समीक्षा, बोलें, विकास की गति में पिछड़े प्रदेश के 100 विकासखंडों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिलो के सीडीओ के साथ विकास कार्यों को लेकर लखनऊ के योजना भवन में की समीक्षा बैठक। इस दौरान राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और ग्राम विकास विभाग के सभी उच्चाधिकारी रहे मौजूद। प्रदेश के अंदर जो विकास कर चल रहे है उसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

### प्रदेश के सभी गरीब परिवार तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

डिप्टी सीएम ने अपने समीक्षा बैठक के दौरान कहा, सरकार की योजनाएं गरीबों तक और गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया जाए। वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने बताया, प्रदेश में 826 विकासखंड हैं द्ध प्रदेश के 100 विकासखंड है जो विकास की गति से पीछे छूट गए थे। उनको सरकार के मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया गया हैं द्ध इसको लेकर 4 सितंबर को यूपी के सभी बीडीओ के साथ सम्मेलन किया था। और अब स्मार्ट सिटी के साथ स्मार्ट विलेज के लिए पर हम लोग काम करेंगे।

### विकास खंड में लगे चौपाल से ढाई लाख समस्याओं का निपटारा

उन्होंने बताया कि हर शुक्रवार को एक विकास खंड में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता हैं। मैं अधिकारी को बधाई देता हूं जिन्होंने चौपाल को आगे बढ़ने का काम किया और ढाई लाख समस्याओं का निस्तारण करने का काम किया हैद्ध हमने सभी से कहां है कि लगभग यूपी की 25 लाख समस्याओं को समाधान करने का काम करें।

# कृषि क्षेत्र में व्यापक प्रसार हुआ, रबी की फसल में चना-मटर और मसूर को बढ़ावा देंगे: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पीएम कुसुम योजना को लेकर आज लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस की। बताया कि प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था के लिए पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत कुल 22514 सोलर पम्प की स्थापना कराया गया। इस वर्ष 30000 सोलर पम्प स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 46.20 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रबी की फसल में चना, मटर, मसूर की खेती को भी सरकार बढ़ावा देगी। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लेकर कृषि मंत्री ने बताया की इस योजना के लिए 114.23 करोड़ रुपए की धनराशि की उपलब्धता प्रथम किस्त के रूप में कराई गई है। कृषि क्षेत्र में धनराशि 63.87 करोड़ करना था जिसके सापेक्ष 14.88 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त दी गई है। वही उद्यान क्षेत्र के लिए प्रस्तावित धनराशि 309.23 करोड़ रूपये दी जिसके सापेक्ष 28.01 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

# बंदरों ने फाड़ डाला 10 बोरी पार्सल का सामान



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शाम चार बजे। चारबाग का एनईआर रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर छह। यूपी पुलिस, एटीएस और रेलवे पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मॉक ड्रील चलाया जा रहा था। दूसरी तरफ करीब 30 से ज्यादा बंदर इसी प्लेटफॉर्म पार्सल में आए सामान बर्बाद कर रहे थे। ट्रेन से पार्सल का सामान भेजने के लिए प्लेटफॉर्म पर करीब 20 से ज्यादा बोरी सामान रखा गया था। उसको खुले में ऐसे ही छोड़ दिया गया था। चारबाग में बंदरों ने करीब 10 बोरी से ज्यादा सामान फाड़ दिया। बंदर कागजों ने खेल रहे थे लेकिन उनको कोई रोकने वाला नहीं था। स्थिति यह थी कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने बंदरों को हटाने की कोशिश की। लेकिन, उनकी संख्या इतनी ज्यादा थी डर की वजह से कोई उनको रोकने वाला नहीं था। स्थिति यह थी कि बंदर करीब 30 मिनट से ज्यादा समय तक उत्पात करते रहे और उनको कोई रोकने वाला नहीं है।

### पुलिस वालों को भी दौड़ा लिया

पुलिस के एक जवान ने बंदरों को हटाने की कोशिश की लेकिन बंदर ने उसको ही घुरना शुरू कर दिया। एक साथ कई बंदर वहां एकत्र हो गए। उसके बाद वह भी चला गया। रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी इस दौरान गायब ही रहे। जबकि आला अधिकारी मॉक ड्रील में बिजी थी।

### बीमा से लेकर स्टेशनरी तक के सामान हुए बर्बाद

स्टेशनरी से लेकर बीमा तक के सामान इस दौरान बंदरों ने बर्बाद कर दिया। कई मैगजीन को फाड़ दिया और पूरे प्लेटफॉर्म पर फैला दिया था। चारबाग में बंदरों की तरफ से इस तरह की घटना को अंजाम देना कोई पहली घटना नहीं है। यहां पहले ही बंदर उत्पात मचाते रहे है।

### पार्सल की जिम्मेदारी की सामान ठीक से रखे

इस मामले पार्सल के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह सामान को ठीक से रखे। लेकिन उनकी लापरवाही के कारण कम से 500 से ज्यादा कागज बर्बाद हो गए। अब वह कागज तभी इशू होगा जब रेलवे वह लिखकर देगा कि उनके यहां सामान यहां आया पार्सल का सामान बंदरों ने फाड़ कर बर्बाद कर दिया।

# ऑनलाइन खरीदारी के विरोध में व्यापार मंडल ने फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ व्यापार मंडल ने बुधवार को ऑनलाइन खरीदारी के विरोध में श्रीराम टॉवर पर पुतला फूंका। व्यापारियों ने नारे लगाए। हाथ में तख्ती लिए हुए सरकार से खुदरा कारोबार को बचाने की गुहार लगाई। ऑनलाइन खरीदारी पर 10 फीसदी टैक्स लगाने की मांग की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि सीएम को ज्ञापन दिया गया है। इसमें ऑनलाइन पर रोक या उनके खिलाफ सख्त नियम अपनाने को कहा गया है। हम टेडर्स व्यापारियों के द्वारा एमएसएमई सहित असंगठित क्षेत्रों के लोगों को रोजगार देते हैं। दुकानदार एवं उनके कामगार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से खुदरा बाजार से जुड़े हैं। ऑनलाइन बाजार के कारण इन सबकी रोजी-रोटी पर खतरा मंडरा रहा है। इस दौरान मोबाइल समेत 50 से ज्यादा ट्रेड के व्यापारी मौजूद रहे।

ऑन लाइन पर 10 फीसदी टैक्स लगाया गया वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि ऑनलाइन व्यापार एक दैत्य जैसा व्यापार है। यह हमारे टेडर्स व्यापारियों को खत्म करने का कार्य कर रहा है। इस पर सरकार यदि तत्काल कोई ठोस नहीं उठती तो यह पूरे प्रदेश के खुदरा व्यापार को खत्म कर देगा। इससे थोक एवं बड़े व्यापारियों पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### ऑन लाइन के कारण लोकल फॉर वोकल नहीं बन रहा

ऑनलाइन के सरकार की नीति लोकल फॉर वोकल भी सफल नहीं हो रहा है। इसके लिए भी रणनीति अपनाने की जरूरत है। हर जिले के विशेष उत्पाद को पहले स्थानीय बाजार में खपत करने के लिए अवसर बढ़ाए जाएं। ऑनलाइन के कारण यह भी योजना दम तोड़ते दिख रही है।

### यह व्यापारी प्रदर्शन में शामिल रहे

प्रदर्शन में विनोद अग्रवाल, अभिषेक खरे,उमेश शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान, देवेन्द्र गुप्ता,नीरज जौहर, विनोद पंजाबी, रमेश मिश्र, उमेश पाटिल, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, अरविन्द पाठक, प्रियंक गुप्ता, मनीष अरोड़ा, सुमित गुप्ता, लल्लन यादव, आरिफ़ खां राजकुमार विश्वकर्मा जय सिंह यादव, मोनू यादव, सर्वेश यादव,सुरेंद्र शुक्ला, रामू वर्मा, सतनाम सिंह, प्रमोद अवस्थी, जगजीत सिंह, नितिन गुप्ता, विनय शुक्ला, अमित शुक्ल, बंटी अबरोल, ललित तिवारी, मनोज वर्मा, प्रशांत गर्ग, कुश मिश्रा, हर्षित जायसवाल, नरेश कुमार, नौशाद भाई, रिजवान, आमिर सिद्धार्थ, जितेन्द्र कनोज़िया, राजू शुक्ला, जग्गा अरोड़ा समेत सैकड़ो व्यापारी उपस्थिति रहे।

### व्यापारियों के खतरा है ऑन लाइन

महामंत्री जितेन्द्र सिंह चैहान ने कहा कि जब ई-कामर्स कंपनियां जब स्वयं सामान खरीदने और बेचने में लग जाती है तो पंजी और रणनीति के कारण स्थानीय व्यापारी एवं किराना दुकानदार आदि के लिए बड़ा खतरा बन जाती है। आन लाइन व्यापार पर तत्काल रोक लगाई जाए। कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सरकार ने पहले केवल सिंगल ब्राण्ड में बड़ी कंपनियों को अनुमति देने की रणनीति बनायी थी लेकिन अब कम्पनियां मल्टी ब्राण्ड में अपना कारोबार कर रही है जिससे हम खुदरा व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## दुनिया में सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

**बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।**

*भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा, जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी है। अतः हम कह सकते है कि हिन्दी एक समृद्ध भाषा है। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है, जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृभाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है, लेकिन हिन्दी भाषी समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है, यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करने का अभिनव कार्य किया है, हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**विश्वभर में हमारी हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री 'बॉलीवुड' का नाम है, जहां हर साल करीब डेढ़ हजार फिल्में बनती हैं और ये फिल्में भारत के अलावा विदेशों में भी खूब पसंद की जाती हैं। यही कारण है कि बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी फिल्मों के प्रचार-प्रसार के लिए अब विदेशों में शो आयोजित करते हैं। यूएई में हिन्दी एफएम चैनल वहां के लोगों की खास पसंद हैं। जब हम ऐसे-ऐसे देशों में भी हिन्दी को भरपूर प्यार, स्नेह, सम्मान मिलता देखते हैं, जो अपनी मातृभाषाओं को लेकर बेहद संवेदनशील रहते हैं और उसे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर देखते हैं तो यह वाकई हम भारतीयों के लिए गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि ही है।**

# हिन्दी दिवस : राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है राष्ट्र



योगेश कुमार गोयल

**माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है। बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का कहना था कि राष्ट्रीय एकता की कड़ी हिन्दी ही जोड़ सकती है।**

हिन्दी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक भारतीय के लिए अब यह गर्व की बात है कि दुनियाभर में हिन्दी को चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डा. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी और इसे अब तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने में भी सफलता नहीं मिली। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कुछ बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था, निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।। अर्थात् अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है, जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है। बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का कहना था कि राष्ट्रीय एकता की कड़ी हिन्दी ही जोड़ सकती है। महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम को परिभाषित करता वर्ष 1917 का एक ऐसा किस्सा सामने आता है, जब कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रभाषा प्रचार संबंध कांफ्रेंस में अंग्रेजी में भाषण दिया था और गांधी जी ने उनका वह भाषण सुनने के पश्चात् उन्हें हिन्दी का महत्व समझाते हुए कहा था कि वह ऐसा कोई कारण नहीं समझते कि हम अपने देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में बात न करें। गांधी जी ने कहा था कि अपने लोगों के दिलों तक हम वास्तव में अपनी ही भाषा के जरिये पहुंच सकते हैं। दरअसल हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतीय को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। बहुत सारे देशों में अब वहां की स्थानीय भाषाओं के साथ हिन्दी भी बोली जाती है। इसके अलावा दुनिया के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन तथा अनुसंधान की भाषा भी बन चुकी है। दुनियाभर में अब करीब 75 करोड़ व्यक्ति हिन्दी बोलते हैं और जिस प्रकार वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी की स्वीकार्यता निरन्तर बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह कहना असंगत नहीं होगा कि अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं, जब हमारी राजभाषा हिन्दी चीन की राजभाषा चीनी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच जाएगी। विश्वभर में हमारी हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री 'बॉलीवुड' का नाम है, जहां हर साल करीब डेढ़ हजार फिल्में बनती हैं और ये फिल्में भारत के अलावा विदेशों में भी खूब पसंद की जाती हैं। यही कारण है कि बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी फिल्मों के प्रचार-प्रसार के लिए अब विदेशों में शो आयोजित करते हैं। यूएई में हिन्दी एफएम चैनल वहां के लोगों की खास पसंद हैं। जब हम ऐसे-ऐसे देशों में भी हिन्दी को भरपूर प्यार, स्नेह, सम्मान मिलता देखते हैं, जो अपनी मातृभाषाओं को लेकर बेहद संवेदनशील रहते हैं और उसे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर देखते हैं तो यह वाकई हम भारतीयों के लिए गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि ही है। आज दुनिया का हर वह कोना, जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां तो हिन्दी धूम मचा ही रही है। तो आइए, आज हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्य को सर्वांगसुंदर बनाने का संकल्प लेकर डा. राजेन्द्र प्रसाद के इसी सपने को साकार करने का हरसंभव प्रयास करें।




**जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां तो हिन्दी धूम मचा ही रही है। तो आइए, आज हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्य को सर्वांगसुंदर बनाने का संकल्प लेकर डा. राजेन्द्र प्रसाद के इसी सपने को साकार करने का हरसंभव प्रयास करें।**

### एक्सप्रेस कविता

*हिंदी है हमारी प्यारी भाषा, हिंदी है एक शक्तिशाली और विशाल ज्ञान की भाषा, आओ बनाएं इसे राष्ट्रभाषा। हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है, हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है। हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है, हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है। हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है। हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है। हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन, हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन। हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा, हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा। हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है, हिंदी भाषा अर्वाचीन और बेमिसाल है। हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज, हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-काज।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**हर नई शुरुआत थोड़ा डराती है पर हमेशा याद रखें सफलता मुश्किलों के पार ही नज़र आती है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्दशी 28:48 तक |
| नक्षत्र: | मघा 25:56 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | सिद्ध, 25:58 |
| सूर्योदय: | 06:08 |
| सूर्यास्त: | 18:26 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:16-13:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

### जन एक्सप्रेस

**मिला जनसमर्थन तो !**

*आया मुंह में पानी ।*
*हों हम भी स्वीकार ।।*
*मिलता है यदि मौका ।*
*पहनेंगे हम हार ।।*
*आई बात जुबां पर ।*
*पूंछा दिल का हाल ।।*
*मिला जनसमर्थन तो ।*
*है करना कमाल ।।*
*रहे सब ललचाय ।*
*अवसर की तलाश ।।*
*भले कम हों सीटें ।*
*उड़ते पर आकाश ।।*
*है अंदर ये मंथन ।*
*किसको आगे आना ?*
*है थोड़ी सीमाएं ।*
*भले ही कुछ भी ठाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बार-बार बुखार आना हो सकता है पीरियोडिक फीवर सिंड्रोम



**शरीर** में किसी तरह की गड़बड़ी होने पर व्यक्ति को सबसे पहले बुखार की समस्या होती है। बुखार आमतौर पर कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। अगर दो दिन से ज्यादा लगातार बुखार बना रहे, तो डॉक्टर की सलाह लेकर आपको जांच जरूर करानी चाहिए। बुखार आने पर शरीर का तापमान बढ़ जाता है। शरीर का नार्मल तापमान 98.6 डिग्री फारेनहाइट होता है और बुखार आने पर यह 100.4 डिग्री से ज्यादा हो जाता है। अगर आपको बार-बार बुखार आता रहता है, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। बार-बार बुखार आने की समस्या को एपिसोडिक फीवर या पीरियोडिक फीवर कहा जाता है। यह समस्या 5 साल से कम उम्र के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में देखी जा सकती है।

**क्या है पीरियोडिक फीवर?:** पीरियोडिक फीवर या बार-बार बुखार आने की समस्या आमतौर पर 5 साल से कम उम्र के शिशुओं में होती है। लेकिन यह समस्या शिशुओं के अलावा किसी भी उम्र के व्यक्ति को भी हो सकती है। इसे पीरियोडिक फीवर सिंड्रोम भी कहा जाता है। ज्यादातर लोगों को यह समस्या आनुवांशिक कारणों से होती है। बाबू ईश्वर शरण हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. समीर कहते हैं कि, ÷पीरियोडिक फीवर जेनेटिक डिफेक्ट की वजह से सबसे ज्यादा होता है। इसके अलावा कई अन्य समस्याओं के कारण भी आपको इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है।÷ आमतौर पर पीरियोडिक फीवर की समस्या शिशुओं में देखी जाती है। शिशुओं के शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होता है और इसकी वजह से यह परेशानी हो सकती है।

**पीरियोडिक फीवर का इलाज और बचाव:** बार-बार बुखार आने पर सबसे पहले आपको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टर बच्चों की जांच करने के बाद दवाओं की सलाह देते हैं। इसके अलावा इस समस्या से बचने के लिए शरीर की इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखना चाहिए। इसके लिए ऐसे फूड्स जिनमें विटामिन सी जैसे पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है, उनका सेवन करना चाहिए। इसके अलावा बुखार आने को नजरअंदाज करने से बचना चाहिए।

#### क्यों होता है पीरियोडिक फीवर?

आमतौर पर पीरियोडिक फीवर की समस्या जेनेटिक कारणों से ही होती है। इसे एक तरह की ऑटोइंफ्लेमेटरी कंडीशन भी कहा जाता है। बच्चों के जन्म के बाद 5 साल की उम्र तक इस समस्या का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। पीरियोडिक फीवर के कुछ प्रमुख कारण इस तरह से हैं-

- जेनेटिक कारणों की वजह से
- बैक्टीरियल इन्फेक्शन
- वायरल संक्रमण
- वैक्सीनेशन के कारण
- फैमिलियल मेडिटेरियन फीवर
- एफ्थस स्टामाटाइटिस और मक्कल वेल सिंड्रोम जैसी स्थिति

#### पीरियोडिक फीवर के लक्षण

बार-बार बुखार आने को ही पीरियोडिक फीवर का लक्षण माना जाता है। आमतौर पर इसकी वजह से शरीर में कमजोरी, भूख की कमी और थकान जैसी परेशानियां होती हैं। पीरियोडिक फीवर के प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

- शरीर का तापमान 100.4 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा होना
- शरीर में कमजोरी और थकान
- भूख न लगना
- शरीर में ठंड लेकिन स्किन पर गर्माहट

### एक्सप्रेस विशेष

# हिंदी भाषा एवं राष्ट्रीय हिंदी दिवस



प्रतीक तिवारी

**26 जनवरी सन् 1965 को जब हिंदी को देश की आधिकारिक राजभाषा बनाया गया, तो दक्षिण भारत के राज्यों में रहने वाले लोगों को ये डर सताने लगा कि हिंदी के आने से वे उत्तर भारतीयों की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ जाएंगे। इसके बाद देश में कई जगहों पर हिंदी विरोधी आंदोलन शुरू हो गये।**

**14 सितम्बर सन् 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी भारत की राजभाषा होगी। इसी महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी भाषा को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है।**

**देवभाषा** संस्कृत के गर्भ से जन्म लेनें वाली भाषा हिन्दी, जिसको संस्कृत की टूटी -फूटी भाषा कहाँ जाता है, जो देवनागरी लिपि में लिखी जाती है, आज भारत की पहचान है। हिंदी संस्कृत से जन्मी होनें के कारण व्यापक और अंतहीन भाषा है। हिन्दी भारोपीय भाषा परिवार (भारत-यूरोपीय भाषा परिवार) की भाषा हैं। हिंदी सुंदर, सरल ,सरस और कर्णप्रिय होंने के साथ ही कठिन विशाल और विस्तृत भाषा है। हिंदी व्याकरण को अन्य भाषाओं के व्याकरण से ज्यादा व्यापक, कठिन और अंतहीन बताया गया हैं। हिंदी भाषा के अनेक भेद है और भेदों एवं अर्थो के भी भेद और अर्थ है। हिंदी को अनेकार्थी भेद वाली भाषा कहा गया हैं। हिंदी भाषा की समृद्धि और व्यापकता का अंदाजा हम इसके साहित्य और काव्य रचनाओं से लगा सकतें है। भारत हिंदी का जन्मदाता , सृजनकर्ता, उपयोगकर्ता और प्रचारक राष्ट्र है। हिन्दी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में लगभग 77 फीसदी लोग हिन्दी भाषा को आसानी से समझते, पढ़ते, बोलते और लिखते हैं। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में भी इस बात का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है। संविधान सभा ने 14 सितंबर सन् 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया था, तो वहीं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की सिफारिश के बाद से 14 सितंबर सन् 1953 से हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। वर्ष 1953 से हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। हिंदी को राजभाषा बनाए जाने पर देश के कई हिस्सों में इसका विरोध भी हुआ। 26 जनवरी सन् 1965 को जब हिंदी को देश की आधिकारिक राजभाषा बनाया गया, तो दक्षिण भारत के राज्यों में रहने वाले लोगों को ये डर सताने लगा कि हिंदी के आने से वे उत्तर भारतीयों की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ जाएंगे। इसके बाद देश में कई जगहों पर हिंदी विरोधी आंदोलन शुरू हो गये। उस समय मद्रास (अब तमिलनाडु ) में आंदोलन और हिंसा का एक जबरदस्त दौर चला। तमिलनाडु के साथ-साथ दक्षिणी भारत के राज्यों में हिंदी की प्रतियां भी जलाई जानें लगी और दंगे भड़ उठे। आजादी की लड़ाई के समय भी एक राष्ट्र एक भाषा की भी मांग उठती रहती थी। कई नेताओं ने हिन्दी को देश की संपर्क भाषा बनने के काबिल माना क्योंकि पूरे उत्तर भारत के अलावा पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्यों में भी हिन्दी भाषा को ही बोला और समझा जाता था। मगर दक्षिण भारतीय राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए हिन्दी एक परायी भाषा थी। यही कारण है कि आजादी के तुरंत बाद ही हिन्दी को देश की राजभाषा घोषित नहीं किया गया था। संविधान के अनुच्छेद 351 के तहत हिन्दी को अभिव्यक्ति के सभी माध्यमों के रूप में विकसित और प्रचारित करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। उस समय यह सोच थी कि सरकार हिन्दी का प्रचार-प्रसार करेगी और जब पूरे देश की सहमति होगी, तब हिंदी को राजभाषा घोषित किया जाएगा। जब अंग्रेजी भाषा को आधिकारिक भाषा के तौर पर हटने का समय आया, तो देश के कुछ हिस्सों में इसको लेकर भी विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए। सबसे ज़्यादा दक्षिण भारतीय राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए और तमिलनाडु में जनवरी सन् 1965 में भाषा विवाद को लेकर दंगे तक भड़क उठे। उसके बाद केंद्र सरकार ने संविधान में संशोधन किया और अंग्रेजी को हिन्दी के साथ भारत की आधिकारिक भाषा बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया। आधिकारिक भाषा के अलावा आज भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में 22 भाषाएं शामिल हैं। आपको बता दें राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर को और विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। हिन्दी भाषा को सम्मान दिलाने के लिए ही हर साल हिन्दी दिवस मनाया जाता है ताकि हिन्दी भाषा का अधिक से अधिक उत्थान हो सके और भविष्य में यह भारत की राष्ट्रभाषा भी बन सके। 14 सितम्बर सन् 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी भारत की राजभाषा होगी। इसी महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी भाषा को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक तथ्य यह भी है कि 14 सितम्बर सन् 1949 को हिन्दी के पुरोधा व्यौहार राजेन्द्र सिंहा का 50वां जन्मदिन था, जिन्होंने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए बहुत लंबा संघर्ष किया लेकिन वे असफल रहे।

# कर्ज में डूबे किसान की सदमे में हुई मौत

* वसूली करने पहुंचे बैंक अफसरों पर बेइज्जती करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में जमालपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान छोटेलाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उन्होंने ग्राम्य विकास बैंक से 60 हजार रुपये कर्ज लिया था, जिसे चुका नहीं पाए थे। आरोप है कि ग्राम्य विकास बैंक के अधिकारियों ने कर्ज वसूली को लेकर उन्हें प्रताड़ित कर सरेआम बेइज्जत किया था। किसान के पुत्र गोपीचंद की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व प्रधान की मौत पर गांव पहुंचे किसान संगठन के नेताओं ने बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 1995 से 2000 तक सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुकेथू के प्रधान रहे गांव जमालपुर निवासी 58 वर्षीय किसान छोटेलाल ने लखीमपुर की ग्राम्य विकास बैंक से वर्ष 2010 में 60 हजार रुपये का कर्ज लिया था। वह आठ बीघा जमीन के जोतकर थे। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वह बैंक का कर्ज नहीं चुका पाए। यह रकम ब्याज सहित बढ़कर तीन लाख रुपये से ऊपर पहुंच गई थी।

### बैंक कर्मचारियों ने 500 रुपये रिश्वत लेकर छोड़ा

मृतक के पुत्र गोपीचंद ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3:00 बजे ग्राम्य विकास बैंक के अधिकारी कार से आए। उनके पिता छोटेलाल को गाड़ी में बैठाकर लखीमपुर ले जाने लगे। गांववालों के विरोध करने पर करीब ढाई घंटे बाद उन्हें 500 रुपये रिश्वत लेकर छोड़ दिया और कर्ज अदा नहीं करने की दशा में जमीन नीलाम करने की धमकी देकर चले गए। समाज में बेइज्जती होने की वजह से उन्हें गहरा सदमा लगा। रात में हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इस मामले में एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग हुआ गड्ढो में तब्दील ग्रामीणों को बढ़ी परेशानिया

जन एक्सप्रेस। मनोज कुमार मिश्रा



**बिजुआ-खीरी।** बरसात व बाढ़ के समय तराई इलाको में मेंन रास्ते जगह जगह से कट जाते है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कही कही जान जोखिम का भी खतरा रहता है बताते चले पूरा मामला विकास खण्ड फूलबेहड़ ग्राम पंचायत बक्सी पुरवा मजरा पिपरागून का है।जहाँ पर ग्रामीण राम लखन पुत्र राधेश्याम गुप्ता व ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव बक्सी पुर से मंगली पुर जाने वाला मुख्य मार्ग जो पिछले कई सालों से क्षति ग्रस्त पडा है जिस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नही जा रही । उसी रास्ते पर दो पुलिया बनी है जिनको अराजक तत्वों द्वारा पाट कर बंद कर दिया गया है।जिस कारण रास्ता चार जगह से गड्ढे में तब्दील हो गया जिसके चलते गांव में आना जाना पूर्णतया बंद हो गया है। ग्रामीणों को गांव में आने जाने की दिक्कत होती है।बरसात व बाढ़ के समय यह रास्ता और भी आने जाने में बाधित खतरनाक व पूर्णतया बन्द हो जाता है। इस रास्ते को सही करवाने के लिए आला अधिकारियों को हम ग्राम वसियों ने अवगत कराया पर किसी अधिकारी ने हम ग्राम वसियों की सुनी नही।हम ग्राम वसियों ने जिलाधिकारी को लिखित प्रर्थना पत्र दे कर मुख्य मार्ग जो आवागमन के लिए बिल्कुल बाधित है हम लोगो का मुख्य मार्ग है।सही करने की मांग की है। इस मौके पर धनवीर सिंह यादव, अजीत सिंह यादव, विपिन कुमार यादव, तौले राम, रामसिंह, राघवेंद्र सिंह यादव, अंकित कुमार यादव, कैलाश, प्रताप, कौशल राजबहादुर जयसवाल, अनुरुद्ध सिंह, प्यारेलाल, परमोद, पहाड़ी लाल, वीरेंद्र सिंह श्रीपाल, मुलायम सिंह यादव, यादवेंद्र सिंह, रामगोपाल, शिवपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामलखन ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसएसबी के सजग पहरेदारों ने तीन नेपाली युवकों सहित चोरी के लाखों रुपए के हीरे जड़ित सोने के आभूषण एवम साठ हजार नगद पकड़ा

* कस्टम बैरियर से साठगांठ कर छोड़े गए चोरों को एस एस बी के सजग पहरेदारों ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी



गौरीफंटा सेवा सुरक्षा बंधुत्व की अलख जगाने वाले एस एस बी के सजग पहरेदारों ने सहायक सेना नायक राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गत दिवस मंगलवार अपराहंत लगभग तीन बजे बैंगलोर के एक न्यायधीश के घर से चोरी कर प्रस्तावित मार्ग से नेपाल भागने की फिराक में 17लाख के हीरे जड़ित सोने के आभूषण साठ हजार नगद भारतीय मुद्रा सहित तीन नेपाली युवकों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है । एस एस बी के सहायक कमांडेड राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि किरण खड़का, राजू खड़का निवासी मस्ता (बजांग) विकास खड़का पुत्र नबराज खड़का निवासी धमेना (बजांग ) नेपाल के तीनो अभियुक्त बैंगलोर के न्यायधीश के घर काम करते थे गृह स्वामी के परिजनों की अनुपस्थित में तीनो अभियुक्तों ने मौका मिलते ही 17लाख के हीरे जड़ित सोने के आभूषण एवम साठ हजार रूपए चोरी कर बैंगलोर से नेपाल के लिए रवाना हो गए किंतु सीमा पर जवानों की मुस्तैदी एवम सघन चेकिंग अभियान के तहत उक्त लोगों को पकड़ कर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया है इससे पूर्व इसी हफ्ते एस एस बी द्वारा 72हजार नगदी चांदी के आभूषण एवम दो नेपाली युवकों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की थी जबकि विचारणीय प्रश्न यह है कि एस एस बी चेक पोस्ट से पूर्व गौरी फंटा बॉर्डर पुलिस चौकी एवम कस्टम बैरियर पर तैनात जाबाज अधिकारी एवम कर्मचारी मुस्तैद रहते हैं फिर इनकी नाक के नीचे गुजर कर अपराधी सीमा पर स्थित एस एस बी की आखरी चेकिंग पोस्ट तक पहुंचने में सफल हो जाते है और सजग पहरेदार इनके मनसूबो पर पानी फेरते हुए दबोच लेते हैं जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी फंटा में आयुष्मान भव का फीता काट कर किया गया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीर



महामहिम श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा 13 सितंबर 2023को आयुष्मान भाव योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया गया जिसका अनुपालन करते हुए गौरी फंटा (कजरिया )प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सैयद अब्बास के नेतृत्व में आयुष्मान भाव योजना फीता काट कर शुभारंभ किया गया है जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि आयुष्मान भाव योजना एक राष्ट्र व्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जो हर गांव और शहर तक पहुंचाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं की कवरेज सुनिश्चित करना है उक्त योजना का उद्देश्य 17 सितंबर 2023 से 2 अक्तूबर 2023तक (सेवा पखवाड़ा) कैंप आयोजित कर प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाए सुलभ कराना। इस अवसर पर वी डी सी मेंबर दीपू राणा, राणा, कजरिया प्रधान अमर सेन, प्रह्लाद राणा सहित समस्त स्टाफ मौजुद रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एकता भाई चारे का सिलसिला वर्षों से चला आ रहा

जन एक्सप्रेस/सिधौली/सीतापुर। पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में क्षेत्र के कस्बा बाड़ी में पूर्व की भांति इस बार भी परंपरागत ढंग से चेहल्लुम का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया चांद की 24 तारीख दिन सोमवार शाम को अजादारो ने चौक पर ताजिया रखा इस दौरान जगह जगह सबीले लगाई गई तथा लंगर का आयोजन किया गया। रात भर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों पर नुमाइश लगाई गई तथा सुंदर एवं आकर्षक झांकियां लगी रही। अजादारो ने हुसैन कि याद में नोहे ख्वानी की या हुसैन या हुसैन की सदाओ से मातम का एहतिमाम किया चांद की 25 तारीख दिन मंगलवार को ताजियों का जुलूस निकाला गया जो बड़ा कुआं स्थित मेला मैदान पर पहुंचा जहां बड़े मेले का आयोजन किया गया। चांद की 26 तारीख दिन बुधवार को ताजिए कोनी घाट स्थित कर्बला में इमाम हुसैन की याद में सलाम पढ़ा गया व ताजिए नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक किए गए। इस अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार, कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह व अपराध निरीक्षक अखिलेश यादव,दरोगा विनोद कुमार,सहित पुलिस बल मौजूद रहा। गौर तलब है बाड़ी में चेहल्लुम हिन्दू मुस्लिम एकता भाई चारे का सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है जो आज भी एक मिसाल कायम है।

### मोहल्ला महाराजा गंज में भीषण जलभराव

जन एक्सप्रेस/बिसवां/सीतापुर। बीते दिनों लगातार हुई मूसलाधार बारिश के चलते नगर के मोहल्ला महाराजा गंज में भीषण जलभराव हो गया है। लोगों के घरों में पानी भर जाने से जनजीवन प्रभावित है भीषण जलभराव से मोहल्लेवासी अपने अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हो रहे है। नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी निकासी के लिये पम्पिंग सेट से जलनिकासी की जा रहा है। नगर के छोटे बड़े कई नाले व नगर पालिका की पानी टंकी का ओवर फ्लो पानी भी इसी बस्ती में गिराया जा रहा है। मोहल्ला शंकरगंज का भी पानी इसी बस्ती में गिरता है जिससे जल भराव की समस्या सालों साल बनी रहती है। जबकि मोहल्ला महाराजागंज पहले से ही नीचे बसा हुआ है जिससे हजारों की आबादी जलभराव से प्रभावित हो रही है। अब तो मोहल्ले वाशियों को जलभराव से होने वाले रोगों का भी डर बना हुआ है। यदि प्रशासन कोई ठोस कदम नही उठाता है तो यहाँ महामारी फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता मास्टर प्रमोद वर्मा मोहल्ला महाराजागंज पहुंचे और जल भराव से प्रभावित लोगों से मिलकर दर्द जाना और नगर पालिका अध्यक्ष से इस संबंध में दूरभाष से वार्ता कर प्रभावित क्षेत्र में पम्पिंग सेटों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की जिससे जल भराव की समस्या से मोहल्ला वासियों को जल्द निजात मिल सके।





### अधिवक्ताओं ने धरना देकर दिया मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद तहसील परिसर में हापुड़ घटना को लेकर रजिस्ट्री ऑफिस के सामने अधिवक्ताओं ने बुधवार की सुबह धरना देते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र भेजा है। महमूदाबाद की उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपे गये चार सूत्रीय ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की गिरफ्तारी किये जाने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने, अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमें वापस लिये जाने के साथ हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुवायजा दिये जाने की बात कही गयी है। इस मौके पर लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा, महामंत्री वेदप्रकाश शर्मा, अधिवक्ता उमेश गुप्त, कमलेश वर्मा, बृजेंद्र सहाय, बरातीलाल वर्मा, सरोज शुक्ल, पुरुषोत्तम शुक्ल, राजकिशोर वर्मा, राकेश गुप्त, भारत सिंह यादव, धर्मराज तिवारी, लालता प्रसाद शुक्ल, सुशील तिवारी, संजय शुक्ल, सफीक अहमद समेत लायर्स एसोसिएशन के कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने पांच शराबियों को गिरफ्तार किया

जन एक्सप्रेस/ सिंगाही खीरी। थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 5 शराबियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, कौशल सिंह राजमंगल सिंह, रामभवन के साथ बुधवार की रात जांच अभियान चला कर शराबी बेचने वालों अलग अलग जगहों से पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 95 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर उनके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। रमेश निवासी मथुरा पुरवा 15 लीटर, राजू निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर, सुनेश निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर, गार्गी निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर व श्री किशन निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर सहित अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। यह सभी आरोपी अलग-अलग जगह प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब बेच रहे थे जिन्हें पुलिस ने पकड़ कर शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।



## मेरी माटी मेरा देश अभियान का आज हुआ समापन कल ब्लॉक पर जमा होंगे कलश

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



कल मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतिम दिन 13 सितम्बर को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संयोजन विदेश विभाग एवं मण्डल प्रभारी राजा झण्डी राज राजेश्वर सिंह के सानिध्य में विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक अमन अरविन्द गिरि एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू की गरिमामय उपस्थिति में मो0 मुन्नूगंज वार्ड 05 के बूथ संख्या 213व 214 पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के नियमित घर-घर माटी एवं चावल (अक्षत) संग्रहित कर अमर शहीदों बलिदानियों को नमन करने लिए इस माटी से दिल्ली में एक अमृत वाटिका बनाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा नगर महामंत्री राजेश राठौर, सभासद आनंद सोनी, सुरेश जायसवाल ,समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, विजय मिश्रा अभियान संयोजक/नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी, अभियान सहसंयोजक/नगर मंत्री धीरज बाजपेई,शक्ति केन्द्र संयोजक नवीन भसीन ,नगर उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, अनिल जलोटा, नगर मंत्री सुभम राठी, नगर महामंत्री युवा मोर्चा हिमांशु सिंह, कृषक समाज शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा,बूथ अध्यक्ष ऋषभ सक्सेना काके सहगल,मनोज बाथम,पूर्व नगर महामंत्री के के शुक्ला सहित अनेक वार्डवासी उपस्थिति रहें।

# छात्रा को धमकाने में मामा भांजे पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

* जिस स्कूल में पढ़ता है छात्र, उसी स्कूल में अध्यापक है मामा
* छात्रा पर बनाया जा रहा था शादी का दबाव

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर में बहन बेटियों को स्कूल कॉलेज आना जाना मुश्किल हो रहा है।रास्ते में छेड़छाड़ आम बात होती जा रही है।किशोरी की मां की तहरीर पर एक छात्र और उसके शिक्षक मामा के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।नगर निवासी एक 16 वर्षीय बेटी रामजानकी विद्या मंदिर की छात्रा है।उसकी मां का कहना है कि उसी के कक्षा का एक छात्र फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर निवासी राजीव वर्मा का बेटा सूर्यांश वर्मा ने उनकी बेटी को अपना मोबाइल नंबर देकर नोट्स मांगे।कुछ दिनों बाद शादी का दबाव बनाने लगा।उनकी बेटी को धमकाया। डर के कारण उनकी बेटी उससे बात करती रही। जब उन्हें पता चला तो उन्होंने उसके परिजनों और उसके मामा प्रहलाद वर्मा जो उसी स्कूल में शिक्षक हैं, से वार्ता करनी चाहिए आरोप है कि प्रहलाद वर्मा ने उसे स्कूल से भगा दिया। फिर सूर्यांश ने उसे उसकी ऑडियो वायरल करने की धमकी दी। जिससे वह बेहद परेशान है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर सूर्यांश वर्मा और प्रहलाद वर्मा (मामा भांजे) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वैसे भी स्कूल कॉलेज के गेट पर अक्सर युवकों का जमावड़ा देखा जाता है।गलियों में तो हालात और खराब हैं।कई जगह युवक झुंड के रूप में खड़े होते हैं और आने जाने वाली छात्राओं से पर फब्तियां कसते हैं।

# बार काउंसिल के आह्वान पर वकीलों ने तहसील और रजिस्ट्री ऑफिस में दिया धरना एसडीएम को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली



**निघासन खीरी।** बार काउंसिल के आवाहन पर हापुड़ में वकीलों पर पुलिस ने लाठी चार्ज की गई जिसमे कई वकील घायल हुए इस घटना के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश ने बुधवार और गुरुवारको कार्य बहिष्कार का ऐलान किया।जिसके समर्थन में निघासन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गुप्ता ने वकीलों के साथ तहसील और रजिस्ट्री ऑफिस में धरना दिया जिसमें सभी वकीलों ने हापुड़ की घटना की निंदा की।वकीलों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार को देते हुए मांग की पुलिस ने हापुड़ में वकीलों पर अमानवीय तरीके से लाठी चार्ज किया जिसमे कई वकील घायल हुए जिसकी निंदा की।हापुड़ के सीओ का ट्रांसफर दूसरी जगह किया जाय दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाय।घायल वकीलों को मुआवजा दिया जाय।इस दौरान संघ के संयुक्त मंत्री हरिओम बाथम कार्यकारिणी सदस्य मायाराम चौधरी शशिकांत पांडे सहित पूर्व अध्यक्ष सुबोध कुमार पांडेय पूर्व उपाध्यक्ष उमाकांत जायसवाल पूर्व सयुंक्त मंत्री आशीष कश्यप अख्तर अली आंनद लोधी ब्रह्मप्रकाश श्रीवास्तव,उत्तम गुप्ता, जितेंद्र प्रताप, महताब खान, बीपी रूहेला, रूपेश श्रीवास्तव, चंद्रकेश मिश्र, रामकृष्ण चतुर्वेदी, पंकज जयसवाल, मयंक वर्मा, लक्ष्मी नारायण, सर्वेश यादव, श्यामबाबू, नवदीप सिंह, मोअमीन, मो इजहार, बशीरअहमद, रामप्रताप, आत्मा कुमार, धर्मेश कुमार, पंकज यादव, सर्वेश कुमार आदि वकील मौजूद रहे।

# युवाओं का खेलकूद से होता है सर्वांगीण विकास: आलोक मिश्रा

* मझगई के सरस्वती शिशु मंदिर में जनपदीय खेलकूद समारोह संपन्न
* अतिथियों के हाथों पुरस्कार पाकर प्रफुल्लित हुए बच्चे

जन एक्सप्रेस। रिजवान खान



**पलिया कलां/मजगई खीरी।** तहसील क्षेत्रान्तर्गत मझगई कस्बे के श्रीमती चन्दरानी सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को जनपदीय खेलकूद समारोह सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी आलोक मिश्रा भइया पलियाकलॉ ने की जबकि मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मझगई विनोद कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि सम्भाग निरीक्षक सीतापुर रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की बहनों द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन व बैच लगा स्वागतकर किया गया तथा सभी अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष व मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर एवं बच्चों को शपथ दिलाकर खेल-कूद प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ कराया गया। खेल कूद में शिशु /बाल वर्ग की 50 मीटर,100 मीटर,200मीटर,400 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक आदि खेल हुए। तत्समय वेद प्रकाश, संगम लाल मिश्र, विद्यालय के संरक्षक डॉ आरके अवस्थी, प्रधानाचार्य अतुल कुमार तिवारी, रक्षपाल सिहं, दीपनारायण, बल्देव श्रीवास्तव, शान्तीकुमार, वीरेंद्र गुदरिया, जगदीश, अभिषेक अवस्थी, राजेश शाही, विजय तिवारी एंव अनेक अभिभावक व क्षेत्र के सम्मानित नागरिक तथा विद्यालय के सभी आचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। अध्यक्षता कर रहे आलोक मिश्रा सहित वेद प्रकाश मौर्य व अतुल कुमार द्वारा विजेता खिलाड़ियों को टॉफी व प्रमाण पत्र दिये गए। कार्यक्रम की सफलता हेतु जनपदीय खेल -कूद समारोह की आयोजक जन शिक्षा समिति लखीमपुर-खीरी की प्रशंसा की गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

* पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और प्रार्थना पत्र मिलने के बाद समुचित कार्रवाई की जाएगी

थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम देवरिया निवासी प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को सूचना दी है कि उन्होंने 3 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री रोहिणी का विवाह हीरालाल पुत्र राम प्रसाद ग्राम भवेसर थाना गोला के साथ किया था। बताया कि मंगलवार की रात उनकी पुत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। आवेदक ने पुलिस को यह भी बताया कि वह अपनी पुत्री का पोस्टमार्टम करना चाहता हैं ताकि मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सके। उन्होंने मौके पर पुलिस को भेज कर सबका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सिविल बार एसोशिएशन ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में बार कार्उसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर धरना प्रदर्शन एवं कार्य से विरत रहकर शासन को उपजिलाअधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देने के क्रम में,सिविल बार एसोसिएशन मोहम्मदी खीरी द्वारा धरना प्रदर्शन करने के उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा गया।ज्ञापन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक हापुड़ के तत्काल स्थानांतरण,घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिए जाने, एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे वापस लिए जाने संबंधी मांग की गई।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अर्कवंशी,महामंत्री कमल गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ला, रामवीर सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अव्यवस्था, दुर्दशा का मारा,व दलाली का अड्डा बना सीतापुर का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

जन एक्सप्रेस। सीतापुर





**मिश्रिख।** जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमारी वा दलाली से जूझ रहा है वही इस बीमारी व दलाली से मरीज दुखी व परेशान हो चुके हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कुशल चिकित्सक की तरह ऑपरेशन करके स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त कर रहे हैं मगर सीतापुर जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख में कुछ समय से लगातार मरीज को बाहर की दवा और बाहर की जांच लिखी जाती है इसके पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ऐसा कुछ भी नहीं होता था ।कोविड काल में इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हजारों की तादात में मरीज ठीक हुए वैक्सीनेशन भी जमकर हुआ और ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया कायाकल्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व अधीक्षक डॉक्टर प्रखर द्वारा सीतापुर जनपद में नंबर वन घोषित हुआ डॉ प्रखर श्रीवास्तव के अथक प्रयासों के बाद यहां पर डिजिटल एक्स-रे मशीन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव के द्वारा किया गया था जो की काफी समय से गड़बड़ पड़ी थी पूर्व अधीक्षक डॉक्टर प्रखर खुद लाकर यहां पर स्थापित कराया था कुछ समय बाद अधीक्षक डॉ प्रखर श्रीवास्तव का ट्रांसफर हो गया। वही कुछ समय बाद यहां पर डॉक्टर के द्वारा मरीजों से जमकर बाहर की दवा व जांच लिखकर पैसे की वसूली की जा रही है दूसरी तरफ गंदगी का भरमार बना हुआ है मरीज बताते हैं कि यहां पर साफ सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी की भरमार है सवाल यह खड़ा होता है क्या सीतापुर के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी को सीएमओ खुद इस मामले पर संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि काफी समय से यहां पर मरीजों की समस्त दवाएं व जांचे बाहर की लिखना पेपरो की सुर्खियां बन गई थी। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती दीपक निवासी नई बस्ती मिश्रीख,राममिलन मौर्य निवासी गोंदलामऊ अन्य कई मरीजो ने बताया की बाहर की समस्त दवा व जांच लिखी जाती न तो बेड की चादर बदली जाती न ही साफ सफाई की जाती है । वहीं अगर प्राइवेट हॉस्पिटलों की बात की जाए तो इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से लेकर समस्त कस्बे और क्षेत्र में नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किए जाते हैं सूत्र बताते हैं कि उन नर्सिंग होम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मौजूदा अधीक्षक का कमीशन बंधा हुआ है जो कि बिना रजिस्ट्रेशन और बिना डॉक्टर के संचालित होते हैं। सवाल यह खड़ा होता है जहां उत्तर प्रदेश के मुखिया और उपमुख्यमंत्री लगातार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं वहीं पर खुलेआम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख में सभी नियमों को अनदेखा कर केवल रुपया पैदा करने में लगे हुए हैं एक कहावत सिद्ध होती है अंधेर नगरी चौपट राजा स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी भी नजर बंद करके सभी कार्य कर रहे हैं।

# कुछ भांग की दुकानों में खुलेआम हो रही है गांजे की बिक्री

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

महोबा। देश अथवा प्रदेशों में किसी भी राजनैतिक दलों की सरकारें शासन सत्ता संभाले हो सभी की नीति व नियत प्रदेश तथा देश की जनता को स्वास्थ्य व खुशहाल देखने तथा उसकी खुशहाली बावत प्रयासरत रहने की दिशा में काम करने की नीति व नियत रहती है। परंतु सरकारों की मंशा के अनुकूल कार्य करने की जिम्मेवारी ब्यूरोक्रेसी की नीति और नियत पर निर्भर होती है। जिम्मेवार अधिकारी जब अपने कर्तव्यों के निर्वाहन मे निक्रियता और लापरवाही बरतेंगे तो समाज में स्वच्छता का माहौल निर्मित होना स्वभाविक सी बात है। जिले मे भांग की 9 दुकानें बताई जा रही हैं इन भांग की अधिकांश दुकानों में भांग के स्थान पर खुलेआम गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री किये जाने का सनसनीखेज समाचार प्रकाश मे आया है। जिले की युवा पीढ़ी देश और प्रदेश का भविष्य होती है परंतु आज वह गांजे जैसे मादक पदार्थ के सेवन की ओर अग्रसारित हो रही है। जिसका मुख्य कारण जिले मे भांग की कुछ दुकानो मे खुलेआम गांजे की बिक्री की जा रही है और आबकारी अधिकारी तथा कर्मचारी जानकर भी अंजान बने बैठे है। आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार वर्मा कहते है कि यह तो भांग की दुकानो से गांजे की बिक्री होने की बात लोग कहते है गांजा तो जिले के गांव ग्रामो मे सैकड़ो जगह बिक रहा है। आबकारी अधिकारी एक प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि भांग विक्रेता तो सरकार को कुछ ना कुछ रेवेन्यू तो देते ही हैं और जो चोरी छिपे बेच रहे हैं वह तो कुछ भी नही दे रहे हैं। उन्होने कहा कि गांजे की बिक्री पर रोक लगाये जाने का प्रयास किया जा रहा है सफलता कितनी मिलती है यह कह पाना मुश्किल है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद मे नौ भांग की दुकाने है जो निम्न स्थानो पर भांग बेंची जा रही है - मुख्यालय स्थित भांग की दुकान नम्बर 1 राठचुंगी तथा नं0 2 भटीपुरा मे स्थित है परंतु शहर के ही मीना बाजार मे भांग के स्थान पर एक गुमटी से खुलेआम गांजा बेंचा जा रहा है। शहर की उपरोक्त भांग की दुकानों में कहीं कोई साइनबोर्ड नही लगा है। इसी तरह कस्बा कबरई मे 1, कस्बा चरखारी मे 2, कस्बा कुलपहाड़ मे 1, पनवाड़ी मे 1, जैतपुर मे 1 तथा खरेला कस्बे मे 1 भांग की दुकान है। यहाँ के वाशिंदो का कहना है कि उक्त भांग की दुकानों में खुलेआम गांजे की बिक्री की जा रही है जो शासन से प्रतिबंधित है, और जिम्मेवार अधिकारी सबकुछ जानकर भी अंजान बने हुए हैं। गौरतलब बात तो यह है कि प्रदेश सरकार ने गांजे जैसे नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त पर पूर्णतयः प्रतिबंध लगा रखा है परंतु यहाँ की ब्यूरोक्रेसी सरकार की मंशा के विपरीत अपने कर्म कर्तव्यों को निष्ठ के साथ पालन नही कर रहा है। पालन करने मे ना जाने क्यो लापरवाही बरत रहा है। इसके पीछे ब्यूरोक्रैसी की मंशा क्या है इसे तो वही लोग जान सकते है। फिलहाल जिले मे इस समय गांजे जैसे घातक मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त का गोरखधंधा जिले मे अमरबेल की तरह फलफूल रहा है। गांजे जैसे घातक मादक पदार्थ का सेवन सर्वाधिक युवा पीढ़ी का करते देखा जा रहा है। युवा पीढ़ी मे 15 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के युवा सम्मलित है, और जिसे देश प्रदेश की युवा पीढ़ी मादक पदार्थो के सेवन की आदि हो जाती है उस देश अथवा प्रदेश का गर्त मे जाना तय है। समय रहते युवा पीढ़ी को मादक पदार्थो के सेवन से उभारना समाज के साथ- साथ सरकार और सरकार की ब्यूरोक्रेसी की आधिकारिक तौर के साथ-साथ नैतिक जिम्मेदारी है चूंकि देश तथा प्रदेश को क्षितिज पर ले जाने की जिम्मेवारी युवा पीढ़ी के कंधे पर होती है और जिस राष्ट्र तथा प्रदेश का युवा मादक पदार्थो का वशीभूत हो जायेगा उससे कोई उम्मीद करना हम सभी के लिए नादानी के सिवा और कुछ नही है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार विजेता रामकुमारी नायक का इंटर कॉलेज में हुआ सम्मान



जन एक्सप्रेस। श्रीनगर/महोबा

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022- 23 के सर्वे के अनुसार महोबा जनपद के श्रीनगर इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय कुल्हई पहाड़िया में पदस्थ प्रधानाध्यापक श्रीमती रामकुमारी नायक को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दिवस पर लखनऊ में किया गया। इस पुरस्कार सम्मान के बाद राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर महोबा प्रधानाचार्य आर डी सोनी एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा इंटर कॉलेज सभा कक्ष में श्रीमती रामकुमारी नायक का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंग वस्त्र दान एवं श्रीफल से सम्मानित किया। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आर डी सोनी एवं शिक्षक राजेश कुमार शिक्षक सुनील कुमार, सरोज शिक्षक, नीरज कुमार शिक्षक, मनोज कुमार मौर्य, शिक्षक भानु प्रताप मिश्रा, श्रीमाली वरिष्ठ शिक्षक नियामत उल्ला शिक्षकों का भी समाजसेवी के द्वारा छात्राओं को भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज की पांच बेटियों को उनके प्रतिभावान और लगन से काम करने के लिए पांच बेटियों को मंच पर समाजसेवी द्वारा सम्मानित किया गया और बेटी पूजन किया गया। शिक्षक राजेश कुमार ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। शिक्षक सम्मान पुरस्कार के बारे में अनेक शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखें एवं बच्चों को संकल्पित होकर शिक्षा संस्कृति संस्कार ग्रहण कर जीवन जीने के उपाय बताए गए। इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय कुल्हाई पहाड़िया श्रीनगर महोबा विद्यालय के शिक्षक श्रीमती सरयू सिंह, श्रीमती रचना श्रीवास्तव, कुमारी गुंजन तिवारी, एवं सरमन लाल ने अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीमती रामकुमारी नायक का पुष्प मालाओं श्रीफल एवं वस्त्र दानकर सम्मानित किया।

# सोशल मीडिया पर वाशिंग पाउडर वाली पोस्ट तेजी से हो रही है वायरल

* सरकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री पर किया खुला प्रहार?, केन्द्रीय मंत्री ने लिया संज्ञान, होगी कड़ी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। महोबा

जी 20 के आयोजन में देश और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वव्यापी ख्याति अर्जित की है। वहीं कथित रूप से उत्तर प्रदेश के एक अधिकारी ने प्रधानमंत्री की फोटो युक्त मोदी वाशिंग पाउडर का विज्ञापन सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर फारवर्ड करके हर घोटालेबाज को मंत्री बनाने की गारंटी दे डाली है। यह विज्ञापन तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों के व्दारा अलग-अलग ढंग से राजनैतिक टिप्पणियों के साथ इसे ग्रुपों में भेजा जा रहा है। कहा जा रहा है कि सरकारी अधिकारी के द्वारा वाट्सएप ग्रुप में डाली गई पोस्ट को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है। स्क्रीन शाट में यह विज्ञापन सीएचसी चरखारी नाम के ग्रुप में डा. राजेश वर्मा के नाम से यह पोस्ट फोवर्डिड के साथ दिखाई पड रहा है। सूत्रों के अनुसार डा. राजेश वर्मा लम्बे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। दिल्ली में सरकारी मामलों के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता धीरज शर्मा ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम 5 के उप नियम 1 का खुला उल्लंघन है। यह कृत्य केन्द्र सरकार के भी अनेक नियमों का उल्लंघन है। सेवा शर्तो का खुला मखौल उड़ाना है। एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा जानबूझकर किया जाने वाला यह कृत्य किसी बडी योजना का अंग भी हो सकता है। सरकारों को इस दिशा में तत्काल कार्यवाही करना चाहिए अन्यथा इस तरह के मनमाने आचरण करने वालों की संख्या में इजाफा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

न्यायालय में भी इसे याचिका के रूप में प्रस्तुत करने हेतु अनेक लोग उत्साहित हैं। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिकता मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री डा. वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकारी अधिकारी द्वारा इस तरह का कृत्य संवैधानिक व्यवस्था को चोट पहुंचाने वाला है। देश के प्रधानमंत्री ने अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ देश को नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। मामला बेहद गंभीर है। इस प्रकरण को कार्यवाही हेतु केन्द्र सरकार के संबंधित विभाग को भेजने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार के पास भी भेजकर कडी कार्यवाही कराई जायेगी। इस संबंध में डा. राजेश कुमार का पक्ष जानने हेतु अनेक बार दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया परन्तु उनका फोन कनेक्ट नहीं हो सका।




जबकि लखनऊ के अधिकारियों ने इस संबंध में अनभिग्यता जाहिर की जबकि अनेक समाजसेवी संगठनों और लोक कल्याणकारी समितियों के पदाधिकारियों ने इस पोस्ट के स्क्रीन शाट को सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर देखने की पुष्टि की है। जी-20 की आशातीत सफलता के बाद सरकार के विरोधी दलों द्वारा अपनी टिप्पणी के साथ इस पोस्ट को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल किया जा रहा है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि सारा खेल लोकसभा के निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए धरातल तैयार हेतु किया जा रहा है जो आने वाले समय में बाढ़ के रूप में सामने आयेंगे।

# एसपी ने कोतवाली का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



एसपी ने मंगलवार की देर शाम सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पड़ने वाले पर्व को लेकर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तैयारियों की भी मातहतों से पूछताछ की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने मंगलवार को सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली के सभी रजिस्टरों का रखरखाव, असलहों की स्थिति, माल मुकदमाती, अपराध अपराधियों की स्थिति, मुकदमों के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की गतिविधियों, सीसीएनएस कक्ष, पुलिस आवास, महिला हेल्प डेस्क, मेस, कोतवाली परिसर की साफ सफाई आदि की विधिवत अवलोकन किया। साथ ही आगामी पड़ने वाले पर्व को लेकर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तैयारियों की भी मातहतों से पूछताछ की। उन्होंने सभी मातहतों को सख्त लहजे में निर्देश भी दिया कि अपराधियों से सख्ती से पेश आएं और असमाजिक तत्वों व शान्ति व्यवस्था में खलल डालने वाले संभावित लोगों पर पैनी नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज करने तथा पीकेट ड्यूटी में किसी तरह की उदासीनता न करने की भी नसीहत दी। पुलिस अधीक्षक ने दिवसों के प्रार्थना पत्रों का भी समीक्षा करते हुए राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच निस्तारण भी करने को कहा। साथ ही महिलाओं, वृद्धों व बच्चों के साथ नरमी से पुलिस को पेश आने की बात कही। इस अवसर पर कोतवाल जितेंद्र कुमार सिंह, बरिष्ठ एसएसआई रणधीर सिंह सहित अन्य एसआई व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## तीन दिनों से लापता अधेड़ का शव पानी भरे गड्ढे में उतराता मिला, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर निवासी अधेड़ का शव तीन दिन बाद पानी भरे गड्ढे में उतराता मिला। टीहर निवासी राजेंद्र सिंह (55) पुत्र देवीदयाल ने पुरानी बाइक खरीदी थी। बाइक को धुलाने और पूजन एवं प्रसाद के लिए रामपुरा आया हुआ था। निनावली स्टैंड पर लगभग दो बजे बाइक धुलवाकर कस्बा के मुख्य बाजार में बाइक खड़ी कर चला गया। शाम आठ बजे के बाद भी घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। राजेंद्र की तलाश करते हुए बाइक रामपुरा बस स्टैंड पर लावारिस हालात में मिल गई। इसके बाद काफी खोजबीन के बाद भी राजेंद्र सिंह का कोई पता नहीं चल सका। बुधवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे सब्जी मंडी के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को खोलकर साफ सफाई में निकला कचरा फेंकने के लिए बाजार में पानी के भरे गड्ढे में फेंकने गए तो गड्ढे में एक शव तैरता हुआ दिखा। जिसकी सूचना दुकानदारों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण मौके पर पहुंचे। सीओ माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई भी मौके पर पहुंचे। राजेंद्र सिंह के पुत्र लाखन सिंह ने शव की शिनाख्त पिता राजेंद्र सिंह के रुप में की।

## सीएचसी के चिकित्सक ने दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस। भटनी देवरिया

सीएचसी भटनी में तैनात एक चिकित्सक ने सीएमओ को त्याग पत्र दिया है। उन्होंने त्याग पत्र के प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करने की मांग की है। त्याग पत्र की जानकारी मिलते ही सीएमओ ने अस्पताल के फार्मासिस्ट को तलब करने के साथ ही चिकित्सक को बुला कर समझाया। सीएमओ ने इस्तीफे से इंकार किया है। कुछ दिन पूर्व डॉक्टर ने अस्पताल के फार्मासिस्ट पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी।सीएचसी भटनी में एक विशेषज्ञ समेत पांच डाक्टर तैनात हैं। शासन से डा. अनिरूद्ध कुमार गुप्ता की चिकित्साधिकारी पद पर एक महीना पहले तैनाती हुई है। नियमित ओपीडी में बैठने के चलते डा. अनिरूद्ध गुप्ता के पास मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। आरोप है कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देख फार्मासिस्ट द्वारा आये दिन टोका टाकी की जाने लगी। उन्होंने कुछ दिन पहले सीएमओ को इससे अवगत कराया, लेकिन वर्षो से जमे फार्मासिस्ट पर कार्यवाही नहीं होने, उग्र होती भाषा व व्यवहार में बदलाव न होने पर मंगलवार को डा. गुप्ता ने सीएमओ को अपना त्याग पत्र दे दिया। दिए गए इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि वे अपनी दक्षता के अनुसार कार्य का निर्वहन ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

## आयुष्मान भव: के माध्यम से बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं: डीएम

जन एक्सप्रेस। देवरिया

स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने व जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा। अभियान की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्चुअल माध्यम से करेंगी। इस अभियान को लेकर बुधवार को मेडिकल कालेज के सभागार में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने सुना। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे जिले में स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को ध्यान में रखकर हर गांव तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुगम बनाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके घर 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी में बच्चों की स्क्रीनिंग, आयुष्मान ग्राम और वार्ड पंचायत आदि गतिविधियां की जाएगी। इस अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर आयुष्मान मेले का आयोजन होगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बांटने का प्रोसेस तेज किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान गांव घोषित करने की भी प्लानिंग है। 'आयुष्मान आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने और बांटने का काम होगा। जिले के 260 हेल्थएंड वेलनेस सेंटर्स पर होगा। इसमें गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का इलाज होगा। इसके अलावा आयुष्मान सभा का आयोजन गांव और वार्ड लेवल पर होगा। जिसके तहत हेल्थकेयर स्कीम और सर्विसेस के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस दौरान सभी ब्लॉक स्तर के अस्पताल में हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे। जिसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर लोगों का इलाज करेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो जांच के बाद लोगों को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए रेफर किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ राजेश बरनवाल, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ विनय पांडे, डॉ रंजीत कुशवाहा, डॉ राजेश गुप्ता, डीपीएम पूनम, देवेंद्र प्रताप सिंह, एचआईवी टीवी समन्वयक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, विश्वनाथ मल्ल सीएमएस डॉक्टर एच के मिश्रा, डॉ अजीत पाल, डीपीआरओ कृष्णकांत राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ कार्यालय व लक्ष्मीबाई सभागार के सौन्दर्यीकरण का शुभारंभ

* निवर्तमान जिलाधिकारी का किया गया विदाई समारोह

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व निवर्तमान जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय व रानी लक्ष्मीबाई सभागार का सौन्दर्यीकरण कराया। जिसका फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। साथ ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय का स्वागत व निवर्तमान जिलाधिकारी चाँदनी सिंह का विदाई समारोह विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित किया गया।

निवर्तमान जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय के दौरान समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग प्रदान करने के लिये धन्यवाद दिया। मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी के साथ कार्य करने में न केवल अधिकारी व कर्मचारी गौरवान्वित हुये बल्कि



उनकी कार्य प्रणाली से जनपद भी गौरवान्वित हुआ। एडीएम संजय कुमार ने कहा कि जनपद के लिये आप द्वारा किये गये कार्यो से एक नया आयाम स्थापित हुआ है, आप द्वारा दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया गया और काफी सीखने को भी मिला। एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने कहा कि आपके साथ बिताये गये कार्यकाल के अनुभव को साझा किया कि आपके मार्गदर्शन एवं मार्ग निर्देशन में कार्य करते हुये बहुत कुछ सीखने को मिला। जोकि मेरी आगे की सेवाकाल में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होने कहा कि आप द्वारा जनपद के लिये किये गये कार्य सराहनीय रहे जैसे-उरई शहर के चैराहो का सौन्दर्यीकरण एवं चौड़ीकरण, इखलासपुरा से शिवाजी चैक तक एसएच-21 डिवाईडर पर 4.1 किमी. लगात रू. 1 करोड़ 05 लाख की लगात से ऑक्टोगोनल पोट एलईडी सहित (स्ट्रीट लाईट) 163 लगने से जगमग हुआ शहर, शहर का सौन्दर्यीकरण होने से एक अलग पहचान बनी, स्मार्ट सिटी के रूप में टाउनहॉल हुआ विकसित, शहर को स्वच्छ बनाने के लिये अनेक प्रयास कर सुन्दर पार्क विकसित किये गये, अवैध अतिक्रमण से धर्मशाला को मुक्त कराया जो उरई शहर के लिये नजीर बना हैं। इस अवसर पर सीएमओ डा. एनडी शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित, नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी आदि सहित संबंधित अधिकारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी को भावभीनी बिदाई दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस ने बैंकों में चेकिंग अभियान चला कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली के एडीशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ के नेतृत्व में पुलिस जवानो ने बैंकों एवं बित्तीय संस्थानो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कोतवाली अतिरिक्त निरीक्षक ने केनरा बैंक की शाखा का निरीक्षण कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। इसी प्रकार इंडियन बैंक मुख्य शाखा, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा का भी पुलिस जवानों ने निरीक्षण किया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर ने बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, सायरन आदि का भी जायजा लिया। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत द्विवेदी, तथा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक रंजीत चटर्जी तथा स्टेट बैंक के मैनेजर बिनोद कुमार के साथ बैठक कर शाखाओ की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को लेकर चर्चा की। बैंक के बाहर खड़ी होने वाली मोटरसाइकिल व कारों का लॉक की हकीकत को भी देखा। शाखाओ की ड्यूटी मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए गए कि बैंक के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखी जाए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर के मुताबिक बैंको में चैकिंग अभियान चलाया जायेगा।

### चोरी के आरोप में दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जखोली में चोरी की वारदात के बाद फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का माल के अलावा नकदी भी बरामद की गई। एट कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें कमल सिंह कुशवाहा निवासी जैसारी खुर्द थाना डकोर और अशोक चन्द्ररसी थाना कदौरा हाल निवास जैसारी कला थाना डकोर हैं। इन दोनों ने जखौली निवासी चन्द्र कुमार व कृपाराम के यहां जून में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान को बेचने जा रहे थे। जिसमे दो कान की सोने की बाली, चार नाक की सोने की कील, तीन जोड़ी चांदी की पायल, पांच जोड़ी चांदी के विछिया, और साढ़े ग्यारह हजार रुपये पुलिस ने नकद बरामद किए। वही थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अशोक के खिलाफ 23 मुकदमे पंजीकृत हैं और कमल सिंह के खिलाफ 8 मुकदमे पंजीकृत हैं और दोनों पुराने हिस्ट्रीशीटर है। फिलहाल आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर चालान किया गया।

### हजारों लीटर पीने का पानी हो रहा बर्बाद

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। कस्बा में टंकी से पीने वाला पानी आलसी जलकर्मियों की वजह से हजारों लीटर सड़क पर बह रहा है। जिससे सड़क पर जल भराव की समस्या हो रही है। लगभग 400 मीटर सड़क पर टंकी का पीने वाला पानी बह रहा है। ग्रामीण किशोरी लाल, पप्पू यादव, डॉक्टर राजकुमार, रामकुमार, भंवर सिंह कुशवाहा, कुंदन सोनी ने बताया कि टंकी की पाइपलाइन 2 महीने से टूटी पड़ी है। कई बार जल कर्मियों से इसकी शिकायत की। लेकिन आलसी जलकर्मियों के चलते इसकी कोई सुनवाई नहीं है। एक बार थाना अध्यक्ष दिनेश कुरील ने अपने जेब खर्च से पानी की वजह से सड़क पर बने गड्ढों में गिट्टी भरवा दी गई थी। लेकिन जल भराव होने की वजह से गड्ढे ज्यों के त्यों हो गए हैं। जिससे राहगीर और ग्रामीण फिर से परेशान होने लगे हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को हुआ 5 वर्ष का कारावास व10 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस/उरई। न्यायालय में नौ वर्ष जिला जज की कोर्ट में ट्रायल पर चले गैंगस्टर के मामले में आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। कालपी कोतवाली के ग्राम हीरापुर निवासी विजय पुत्र प्रेमा उर्फ प्रेम नारायण के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा चल रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को भय दिखाकर अपने आर्थिक लाभ के लिए अवैध रूप से धन अर्जित करने का भी आरोप लगने पर कालपी कोतवाल चंद्रेश भारद्वाज ने विजय के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत 29 नवंबर 2013 की घटना पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसकी विवेचना कदौरा थानाध्यक्ष ने की थी। पुलिस ने 18 अगस्त 2014 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। बीते नौ सालों से यह मामला अपर जिला जज के न्यायालय में विचाराधीन था। बुधवार को नौ साल तक चली सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने विजय को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में बीती रात हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी दिनेश सिंह 45 वर्ष की मंगलवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रहे थे, और उनका इलाज भी चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### महिला की सर्प के काटने से मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाएघा में बुधवार को खेतों पर गई महिला को सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज। रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाएघा निवासी रामनरेश की 36 वर्षीय पत्नी सुनीता बुधवार की सुबह जानवरों के लिए चारा लेने खेत पर गई हुई थी। तभी चार लेते समय अचानक सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घटना देखकर आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की सूचना परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उसकी मौत हो गई। वही चिकित्सकों ने महिला के शव को शव ग्रह में रखवा कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि पति खेती किसानी कर घर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि मृतका के तीन पुत्र एक पुत्री है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### देश के शहीद वीरों का सम्मान 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान

जन एक्सप्रेस/उरई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देश के वीर सपूतों के स्मृति में मेरी माटी, मेरादेश अभियान कार्यक्रम के तहत सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बुधवार को उरई नगर प्रथम में अमर बलिदानियों को स्मरण कर पवित्र मिट्टी-अक्षत अमृत कलश में वार्ड नं-14, 32, 11 एवं ग्राम पहाड़गांव, नरी में घर-घर जाकर एक चुटकी चावल, मिट्टी संग्रहित की। साथ में जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीति बंसल, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह, उरई नगर प्रथम के नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, बलवीर सोनी, सुनील सक्सेना, टिंकू राजपूत व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छात्रों ने किया प्राचार्य कक्ष के सामने हंगामा

जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया। बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम बरहज में भूगोल विभाग में प्रैक्टिकल फीस के नाम पर की जा रही वसूली के विरोध में छात्रों ने मंगलवार को प्राचार्य कक्ष के सामने हंगामा किया, प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों के तेवर को देख महाविद्यालय प्रशासन बैक फुट पर आ गया और वसूली गई फीस वापस करने को तैयार हुआ तब जाकर छात्र माने। प्रैक्टिकल फीस के नाम वसूली की बात पर छात्र नेता शास्वत प्रताप सिंह, दुर्गेश यादव, अजित पटेल के नेतृत्व में छात्र प्राचार्य कक्ष के सामने नारेबाजी करने लगे। छात्रों का कहना था कि प्रैक्टिकल में नम्बर बढ़ाने के नाम पर हर छात्र से 450 रुपये लिए जा रहे है। इस आर्थिक दोहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।छात्रों का रुख देख प्राचार्य डॉ शंभूनाथ तिवारी छात्रों से वार्ता के लिए आये और फीस वापस करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सोनू यादव, किशन सिंह, रागिनी, प्रियंका जायसवाल आदि उपस्थित रहे। उधर छात्र नेता हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य से मिला मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की।

# संसद की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**✻ जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश, सांसद ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से तालमेल रखकर विकास करने का दिया निर्देश**




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा कथा गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।इस दौरान विधायक सदर श्री पलटूराम, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक गैसडीं एसपी यादव, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, सदस्य विधान परिषद श्री अवधेश कुमार, समस्त ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सांसद गोंडा को पुष्पगुच्छ देकर बैठक की कारवाही प्रारंभ की गई। बैठक के दौरान सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना मनरेगा, किसान सम्मान निधि, सर्व शिक्षा अभियान, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, जल जीवन मिशन, पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई, गड्ढा मुक्ति आदि की समीक्षा की गई।

इस दौरान उन्होंने में जल जीवन मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने तथा हाल ही में चूल्हेभारी ग्राम में टंकी फटने की घटना का संज्ञान लेते हुए उच्च स्तर पर जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। ब्लॉक प्रमुखो द्वारा विद्युत आपूर्ति के संबंध में शिकायतों पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को लाइन मेंटेनेंस,ट्रांसफर्मर बदलने का कार्य करने वाली संस्था के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। नेपाल से आने वाले पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके लिए उच्च स्तर पर उनके द्वारा वार्ता की जाएगी तथा सिल्ट सफाई के लिए बजट एवं वन विभाग द्वारा आने वाले आपत्तियां को दूर करने के लिए प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैठक में विधायकगण एवं ब्लाक प्रमुख द्वारा जनहित में जो भी समस्याएं उठाई गई है उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि बैठक में पॉजिटिव तरीके से जनप्रतिनिधिगण जो भी फीडबैक प्राप्त हुआ है, उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण के साथ बेहतर तालमेल रखते हुए सार्थक प्रयासों के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सतीश कुमार पांडे, डीसी एनआरएलएम व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सनातन पर गलत बयानबाजी करने वाले नेताओं पर हो एफआईआर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

इंडियन सवर्ण समाज पार्टी ने दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में ज्ञापन के साथ आक्रोश व्यक्त किया इस अवसर पर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही दिल्ली प्रदेश प्रभारी बृजभूषण शुक्ला ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरित मानस को जलाने, टिप्पणी करने, सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जन मानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अबिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय देवेंद्र कुमार शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत पाठक जिला अध्यक्ष सीतामढ़ी राकेश पांडेय गोपाल मिश्रा घनश्याम तिवारी कमता तिवारी भास्कर दत्त द्विवेदी श्याम जी पांडेय शिव शंकर मिश्रा एडवोकेट रमाशंकर शुक्ल शिवसागर पांडेय प्रमोद कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष कानपुर अशोक कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष कानपुर श्यामसुंदर दुबे नितिन जायसवाल आदर्श कुमार सौरभ मिश्रा शेषमणि दुबे प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश पीआर पांडेय पुजारी शिव शंकर तिवारी राजेश पांडेय राजेश कुमार मिश्रा संजय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर अनीश तिवारी कृष्णमणि दुबे अजय दुबे मनोज दुबे अंबेडकर नगर समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस क्रम में जनपद अंबेडकर नगर, अमेठी, जौनपुर, कानपुर, पंजाबी बाग दिल्ली प्रदेश के अन्य जिलों में इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के पदाधिकारी ने भारी संख्या में मौजूद होकर ज्ञापन सौंपा और आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द उपरोक्त टिप्पणीकर्ता के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए अन्यथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## जिलाधिकारी ने संध्या सरोवर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

**✻ फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठ सकेंगे**

रामनगरी अयोध्या के लोगों को एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों यह सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए शहर के सिविल लाइन स्थित संध्या सरोवर में ही एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के साथ फूड कोर्ट विकसित कराए जाने की योजना पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां बन रहे फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग-अलग व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठ सकेंगे। बुधवार को संध्या सरोवर पहुंचे जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पार्क में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और लैंड स्केपिंग और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट व संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यों को जल्द पूरा करा कर फूड कोर्ट व विभिन्न एडवेंचर्स का शीघ्र संचालन शुरू करा दिया जाए। नितीश कुमार ने पॉर्क में घास की नियमित कटाई करने के साथ नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। एडवेंचर एक्टिविटी जिप लाइन, वर्मा ब्रिज, स्विंग लैडर, वर्मा लूप, कमांडो क्रॉसिंग वाटर एक्टिविटी पैडल बोट कयाकिंग, जोरबिंग बॉल का लोग आनंद उठा सकेंगें।

## 14 अक्टूबर से अयोध्या की रामलीला का शुभारंभ : सुभाष मलिक बॉबी

**✻ अयोध्या की रामलीला मेले में लगाए जाएंगे फूड स्टॉल, पिछले साल 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखी अयोध्या की रामलीला**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या राम कथा पार्क, नया घाट से अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी जगतगुरु स्वामी रामदिनेश आचार्य महाराज और महासचिव शुभम मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि ÷अयोध्या की रामलीला को 4 वर्ष कैसे बीत गए पता ही नहीं चला। इस साल अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण है। भगवान राम के चरणों में, भगवान राम की जन्म भूमि में अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है मेरे पूजनीय सभी साधु संतों के आशीर्वाद से होता है। मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताते हुए इस साल भी 14 अक्टूबर से अयोध्या की रामलीला का शुभारंभ है। इस साल अयोध्या की रामलीला में फूड स्टॉल और मेले लगाए जा रहे हैं।

जिससे आने वाले राम भक्तों को खाने-पीने में दिक्कत ना हो।मेला दोपहर 2 बजे से शुरू हो जायेगा। अयोध्या की रामलीला 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक तक राम कथा पार्क, नया घाट अयोध्या उत्तर प्रदेश में है। हर साल की भांति इस साल भी राम भक्तों की फ्री एंट्री है। इस बार सभी सैटेलाइट चैनलों को अयोध्या की रामलीला का लिंक दे रहे हैं ताकि सभी राम भक्त देश-विदेश में घर बैठकर रामलीला देख सकें। कई यूट्यूब चैनल पर लाइव देख सकते हैं। सोशल मीडिया पर लाइव दिखाया जाएगा। पिछले साल 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को देखा था इस साल उससे ज्यादा देख देखेंगे।अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मालिक बॉबी पूज्य जगतगुरु स्वामी रामदिनेश आचार्य महाराज और महासचिव शुभम मलिक, वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल, प्रदीप अग्रवाल, करण शर्मा, अनुज अग्रवाल मौजूद थे।

इस बार अयोध्या की रामलीला में बॉलीवुड टीवी के यह कलाकार काम कर रहे हैं- पूनम ढिल्लों (मां शबरी) गजेंद्र चौहान (राजा जनक) रजा मुराद (अहिरावण) राकेश बेदी (विभीषण) गिरिजा शंकर (रावण) अनिल धवन (इंद्रदेव) रवि किशन (केवट), वरूण सागर (हनुमान जी) सुनील पाल (नारद मुनी), राहुल भूचर (श्री राम), (मां सीता) लिली सिंह जिया (केकई) मंघिशा (कौसल्या) अमिता नागिया (मंदोदरी), शिबा (वैदेही), ऋतू शिवपुरी (कौसल्या), शिवा (कुम्भकरण) बनवारी लाल झोल (परशुराम) मनोज बक्शी (राजा दशरथ) गुलशन पाण्डेय, अवतार गिल और ममता सिंह फेमस एक्टर्स काम कर रहे हैं। अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मिले। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हर साल की भांति इस साल भी अयोध्या की रामलीला हो रही है। मैं अयोध्या की रामलीला देखने जरूर आऊंगा। अयोध्या की रामलीला बहुत सुंदर होती है मैं अयोध्या की रामलीला की शुभकामनाएं देता हूं।



## तपस्वी छावनी में किया गया सनातन धर्म रक्षा महायज्ञ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



आचार्य पीठ तपस्वी जी की छावनी रामघाट में बुधवार को जगतगुरु परमहंस आचार्य के संयोजन में सनातन धर्म रक्षा महायज्ञ किया गया। महायज्ञ में परमहंस आचार्य समेत अन्य साधु-संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार संग आहुतियां डाली। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि सनातन धर्म को समाप्त करने के लिए इंडिया गठबंधन लगातार हमले कर रहा है। एक तरफ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पुत्र व डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म विरोधी बयान दिया। तो वहीं दूसरी तरफ उनके सांसद ए राजा ने भी सनातन धर्म पर कुठाराघात किया है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बेटा भी इनका समर्थन कर रहा है। वह कह रहा है कि सनातन धर्म को बीमारी की तरह खत्म कर देना चाहिए। तो इसलिए मैंने अपने आश्रम पर सनातन धर्म रक्षा महायज्ञ किया है।

जो सनातन धर्म विरोधी बयान दे रहे हैं उनका बकायदा पोस्टर मंत्रों के द्वारा हमने स्वाहा किया है। जितने भी सनातन विरोधी हैं। उनका जड़ से समूल नाश और सनातन धर्म की रक्षा हो। परमहंस आचार्य ने कहा कि जिस तरह से बजरंग दल कार्यकर्ता मोहित यादव उर्फ मोनू मानेसर की गिरफ्तारी हुई है, जो एक गौ भक्त हैं, मैं कहता हूं कि उसने अगर एक पोस्ट शेयर की और उसकी गिरफ्तारी हुई है। तो जो सनातन धर्म विरोधी बयान दे रहे हैं कि सनातन धर्म को खत्म कर दिया जाए।

देश में 120 करोड़ लोग सनातन धर्म को मानने वाले हैं। उनकी हत्या का यह लोग आहवान कर रहे हैं। क्या यह अनलीगल बयान व हेट स्पीच नही है। इसलिए दोहरा रवैया क्यों? एकतरफा हिंदुओं को क्यों दबाया जा रहा है। क्या मजहब, पंथ देखकर न्याय दिया जायेगा। मोनू मानेसर की गलती है। उसको मान लिया गया। एक तरफ यहां लगातार बड़े-बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे हुए सांसद, विधायक, मंत्री सनातन धर्म व हिंदुओं के विषय में खत्म करने की बात व कुठाराघात कर रहे हैं। इनके ऊपर एनएसए कब लगेगा और इनकी गिरफ्तारी कब होगी। इसकी मैं मांग करता हूं। एक सौ बीस करोड़ जो हमारे जो हिंदू हैं। उनमें से एक सौ उन्नीस करोड़ निनन्यानबे लाख अभी सो रहे हैं। उनको जगाने का आहवान करता हूं। धर्म और राष्ट्र की रक्षा हो।

## नगर पालिका परिषद के पूर्व अधिशासी अधिकारी पर एक लाख का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** नगर पालिका परिषद के पूर्व अधिशाषी अधिकारी बाल मुकुंद मिश्रा पर राज्य सूचना आयोग की ओर से एक लाख रुपए का हुआ जुर्माना लगाया गया है। मालूम हो कि आरटीआई कार्यकर्ता रोशन लाल नाविक के द्वारा जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के आधार पर चार अलग अलग मामलों में सूचना मांगी गई थी लेकिन अधिशासी अधिकारी की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस पर राज्य सूचना आयोग की ओर से चारो मामलों में 25-25 हज़ार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

राज्य सूचना आयोग के इस फैसले पर आरटीआई कार्यकर्ता रौशन लाल नाविक ने आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री नाविक पिछले कई वर्षों से लगातार भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ सूचना मांगते रहें।

## मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से पूरे भारत में फैलायेंगे जागरूकता : राजेश महाराज

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



श्रीअयोध्या जी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रानोपाली, कौशलेश कुंज कॉलोनी, साकेतपुरी कॉलोनी वार्ड में मेरा देश मेरा माटी के अंतिम दिन यात्रा निकला गया। राजेश महाराज अयोध्या तीर्थ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष की अध्यक्षता में टेढ़ी बाजार राम जन्म भूमि थाने के सामने से होते हुए पूरे वशिष्ठ कुंड वार्ड में प्रभात फेरी निकाली गई।

प्रभात फेरी के अवसर पर राजेश महराज ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी देशवासियों में देशप्रेम, एकता अखंडता और वसुधैव कुटुंबकम की भावना का संचार देश के प्रत्येक नागरिकों में होगा राजेश महाराज ने कहा की ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होते रहने से सभी देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार होता रहता है द्य और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी भारतवासी के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना बनी रहे। इसके लिए अयोध्या के प्रत्येक वार्ड में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है द्य प्रभात फेरी अध्यक्षता राजेश महराज अयोध्या तीर्थ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष, नवीन शर्मा, यशबीर सिंह, कन्हैया मौर्य, प्रमोद साहू, रविंद्र रावत मुंबई, सोमनाथ, रुचिता रावत मुंबई, छोटू पांडे, हरिहर सिंह, बजरंगी पांडे, घनश्याम यादव, चंद्रा सिंह, वश्ररगई जी, रामबाबू जी, रामकृष्ण जी निर्मल पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## चित्र प्रदर्शनी का अन्तिम दिन रहा छात्र-छात्राओं के नाम

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में 11-13 सितम्बर तक लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी के अन्तिम दिन डिवाईन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं व महिला पीजी कालेज की छात्राओं सहित नगर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटियों, युवाओं, महिलाओं एवं रोज़गारपरक तथा फ्लेक्सी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी), विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना, गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसी प्रकार हुनर को सम्मान, मिली नई पहचान, एक जनपद एक उत्पाद योजना, सशक्त पंचायत, सशक्त प्रदेश, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना, सबके साथ खड़े, सबके साथ बढ़े, वृद्धा आश्रम, स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर के लिए महिलाओं का सम्मान उज्ज्वला योजना, डिजिटल प्रदेश स्मार्ट प्रदेश, मेधावी छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये हैं।

## कक्षा एक में डीएम ने लगाई हिन्दी की क्लास बच्चों को बताए बगैर मात्रा वाले शब्द

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकटा व कम्पोज़िट विद्यालय कोल्हुवा का औचक निरीक्षण किया।

कम्पोटिज विद्यालय कोल्हुवा के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 01 में जाकर हिन्दी की क्लास ली। यहां पर डीएम ने बगैर मात्रा के शब्दों को ब्लैक बोर्ड पर लिख बच्चों से पढ़ने को कहा। क्लास में मौजूद छात्र सज्जन व छात्रा खुशबू ने श्यामपट पर लिखे शब्दों को पढ़कर डीएम से शाबाशी हासिल की। शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति का जायज़ा लेने पर प्रधानाध्यापिका तबस्सुम वारसी, सहायक अध्यापक संतोष कुमार सिंह, स्मिता श्रीवास्तव, सृष्टि त्रिपाठी, शिक्षा मित्र शशीबाला व इन्दिरा वर्मा, अनुदेशक रोली मिश्रा व चतुर्थ श्रेणी अरूणेन्द्र द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। यहां पर कुल पंजीकृत 220 छात्र के सापेक्ष 119 बच्चे उपस्थित पाये गये। मध्यान्ह भोजन के बारे में बताया गया कि बच्चों को चावल सब्ज़ी परोसा गया है। डीएम ने मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन व फल परोसने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकटा का निरीक्षण किया। यहां पर अनुदेशक मनीष कुमार मिश्रा के अतिरिक्त समस्त शिक्षण स्टाफ प्रधानाध्यापक करामत अली, सहा.अ. दीपिका जायसवाल, अनुदेशक सुमन निगम व रोहित शुक्ला उपस्थित पाये गये। दात्र-छात्राओं की उपस्थिति का जायज़ा लेने पर पायष गया कि 210 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 82 बच्चे उपस्थित हैं। मीड-डे-मील के बारे में बताया गया कि मेन्यू के अनुसार बच्चों को सब्ज़ीयुक्त दाल-चावल परोसा गया है। बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर दिया गया है तथा वर्ष 2023-24 में 180 छात्रों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि प्रेषित की गई है। विद्यालय में स्वच्छ जल के लिए हैण्डपम्प व समर्सिबल बोरिंग भी उपलब्ध है। डीएम के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 15 व 16 सितम्बर को आयोजित होने वाली नैट परीक्षा की तैयारी बच्चों को करायी जा रही थी। डीएम ने निर्देश दिया कि बच्चों को बेहतर ढंग से परीक्षा का पूर्वाभ्यास कराया जाय। यहां पर पठन पाठन की गुणवत्ता से दो-चार होने के लिए डीएम ने कक्षा 07 में पहुंचकर छात्र रामेन्द्र कुमार से महान व्यक्तित्व पुस्तक के कठिन शब्दों को पढ़वाया। छात्र द्वारा शुद्ध उच्चारण के साथ कठिन शब्द पढने पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## दूसरी शादी के बाद पहली पत्नी को मारपीट कर भगाया

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना जरवलरोड की पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति समेत तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न ,मारपीट, गालीगलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक को प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़िता मीना ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी जरवल कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी हलीम के साथ 15 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह विदा होकर पति के घर गयी और हक जोजियत अदा करने लगी। शादी करने के उपरान्त उसका पति सउदी अरब चला गया।

वहां से आने के बाद उसने दूसरी शादी कर लिया और उसके साथ बतौर पत्नी रहने लगा। सउदी से लौटने के उपरान्त पति के साथ रहने से वह गर्भवती हो गयी और मायके में एक पुत्री आयशा (13 और एक पुत्र आमिर (8)को जन्म दिया। इसके बावजूद दूसरी शादी के बाद शारीरिक व मानसिक कष्ट देने लगे। उसने एक गुजारा व दहेज उत्पीड़न का वाद दाखिल किया और इसी वाद में सुलह करने के बाद उसको मय बच्चों के साथ अपने घर ले गया और जहां कुछ दिन रहने के उपरान्त मार्च 2023 में पुनः कपड़े व जेवरात छीनकर मारपीट कर घर से भगा दिया।

तबसे वह अपने मायके में है । बच्चों के कपड़े व गृहस्थी के समान उसके पति अपने घर पर रखे है उसको नही दे रहे है। उसके पास अपने और बच्चों के पालन पोषण के लिए पर्याप्त धन भी नहीं है।प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड ददन सिंह ने बताया कि कप्तान के आदेश पर पति हलीम, खैरुल और शाहिम निवासी मोहल्ला कटरा, जरवल कस्बा के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गालीगलौज और जानमाल की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# चंदिया हजारा के फुटबॉल मैदान में तीसरे दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

- तहसील व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने की वार्ता
- मांगें पूरी होने के बाद ही समाप्त की जाएगी भूख हड़ताल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**हजारा(पूरनपुर)।** चंदिया हजारा में क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले शारदा नदी कटान को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। तहसीलदार पुलिस पुलिस क्षेत्राधिकार ने भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने मांगे पूरी न होने तक भूख हड़ताल जारी रखने की बात कही।शारदा नदी की बाढ़ और कटान से निजात दिलाने को प्रस्तावित चैनेलाइजेशन का कार्य कराने आदि मांगों को लेकर गांव चंदिया हजारा में चल रहा क्रमिक आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। इस दिन 19 लोग भूख हड़ताल पर बैठे। इनमें बुजुर्ग भी शामिल रहे। तहसीलदार और सीओ ने धरना स्थल पर पहुंचकर करीब तीन घंटे तक ग्रामीणों से वार्ता की। उनको भरोसा भी दिया लेकिन लोग अपनी बात पर अड़े रहे। उन्होंने प्रस्तावित कार्य के लिए एनओसी न मिलने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। 1990 से शारदा नदी ने कटान का जो सिलसिला शुरू किया था वह आज भी निरंतर जारी है। पहले हजारा क्षेत्र के दर्जनों गांवों तथा हजारों एकड़ भूमि को निगलने के बाद अब वर्तमान में शारदा नदी ग्राम चंदिया हजारा में तबाही मचा रही है। यहां के किसानों की सैंकड़ों एकड़ भूमि को फसलों समेत अपनी आगोश में लेने के बाद शारदा नदी कटान करती हुई लगातार गांव की तरफ बढ़ रही है। पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा, राहुलनगर मजदूर बस्ती, खिरकिया बरगदिया कालोनी नंबर छह के लोग पिछले कई सालों से शारदा नदी की बाढ़ और कटान का दंश झेलते आ रहे हैं। जबकि नदी पर चैनेलाइजेशन कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए लोग बजट भी मंजूर हो चुका है लेकिन वन विभाग से एनओसी न मिलने से कार्य लटका है। प्रस्तावित कार्य कराने की मांग को लेकर इस बार बाढ़ पीड़ित गांव के लोगों ने चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले मोर्चा खोल दिया है। चंदिया हजारा के खेल मैदान में चल रहा धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दिन मोनू सरकार, हरे कृष्ण विश्वास, सुकुमार ढाली, बसुदेव सरकार, परिमल सरकार, पंकज मल्लिक, तपन राय, जयदेव मण्डल, दिपंकर ढाली, शितल सरकार, जयन्त विश्वास, विश्वजीत सरकार, हरिदास साना, महेश्वर राय, हरिचाँद राय, निरंजन मण्डल, विजन मण्डल, दयाल बाछाड़, परिमल सरकार भूख हड़ताल पर बैठे। तहसीलदार और सीओ ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों ने कई घंटे वार्ता की। उनको समझाते हुए भरोसा दिया लेकिन लोग मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कहते रहे। लोगों में मांग पूरी कराने का जोश इस कदर है कि बारिश में भी नहीं हट रहे हैं। बुधवार को ऐसा नजारा देखा गया। बारिश से बचने के लिए लोगों ने अपने-अपने सिर के ऊपर कुर्सी रख ली और सभा को सुनते रहे। प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि जब तक प्रस्तावित चैनेलाइजेशन कार्य के लिए एनओसी नहीं मिलती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# जंगल से निकलकर गन्ने के खेत में पहुंचा बाघ, वीडियो वायरल

- मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को किया सतर्क
- रिहायशी इलाके में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में रोष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** दो किसानों को मौत के घाट उतारने वाला बाघ बुधवार जंगल से निकलकर आबादी के निकट पहुंच गया। खेत में कम कर रहे ग्रामीण बाघ को देख सहम गए। कुछ लोगों ने चहल कदमी कर रहे बाघ का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क किया है। तार फेंसिंग ना होने से वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में रोष है। कलीनगर क्षेत्र के गांव रानीगंज निवासी दो किसानों को मौत के घाट उतारने के बाद से बाघ लगातार आबादी के निकट खेतों में विचरण करते देखा जा रहा है। बाघ की चहलकदमी से ग्रामीण खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। बुधवार

> ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पीटीआर व सामाजिक वानिकी की संयुक्त टीम बाघ की निगरानी कर रही है। शीघ्र ही बाघ को जंगल की ओर खदेड़ दिया जाएगा।
> -दिलीप कुमार तिवारी
> उप प्रभागीय वनाधिकारी माला

जंगल से निकलकर बाघ पिपरिया संतोष गांव में आबादी के निकट नरेश के गन्ने के खेत में पहुंच गया।बाघ की चहलकदमी देख खेतों में कम कर रहे किसान सहम गए। कुछ लोगों ने बाघ का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। जानकारी के बाद मौके पर दर्जनों ग्रामीण जुट गए। सूचना के बाद उप प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप कुमार तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से वार्ता कर शीघ्र बाघ को जंगल की ओर खदेड़ने का आश्वासन दिया। गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि बाघ दो लोगों को अपना निवाला बन चुका है। वन विभाग के अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। जंगल के किनारे तार फेंसिंग ना होने से बाघ आए दिन निकालकर आबादी में पहुंच रहा है। बाघ की दहशत से किसान अपने खेतों में नहीं जा पा रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घर बैठे तीस हजार कमाने के लालच में 12 हजार गंवाए

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के गठाना गांव में मोबाइल पर फोन कर घर बैठे तीस हजार महीना कमाने की लालच देकर ठगबाज ने मोबाइल बैंकिंग के जरिए एक परिवार से 12 हजार रूपए ठग लिया। पीड़ित ने अज्ञात ठगबाज के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गांव निवासी अनिल जयसवाल सब्जी बेचकर परिवार चलाता है। उसके चौदह वर्षीय बेटे आदर्श के मोबाइल पर सोमवार को किसी अज्ञात ब्यक्ति ने फोन कर कहा कि हम कलम बनाने की कंपनी से बोल रहे हैं। यदि तुम्हें कलम की पैकिंग कर घर बैठे तीस हजार कमाना हो तो बताओ। आदर्श तैयार हो गया। उसने कहा कि अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 41 सौ रूपए मोबाइल बैंकिंग से तुरंत भेजो। इसी तरह तीन बार में उसने 12 हजार रूपए मंगा लिया। कहा कि रात तक कलम से लदा वाहन आपके घर पहुंच जायेगा। दूसरे दिन तक भी वाहन न आने पर उनका माथा ठनका। आदर्श ने उसी नंबर पर फोन कर बात किया तो उसके द्वारा और दस हजार रुपए मांगे जाने लगे। इनकार कर देने पर ठगबाज ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित दो दिनों तक उसकी बाट जोहता रहा।

### एसडीएम की गाड़ी फंसी अमृत योजना के गड्ढे में

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** अमृत योजना के तहत नगर में बिछाई जा रही पाइप लाइन जनता के लिए फजीहत बनती जा रही है । इस योजना के तहत जिले भर के शहरों बाजारों गांव गलियों के चकरोड सड़को में खोदे गड्ढे में आये दिन पब्लिक के वाहन फसकर कबाड़ हो रहे है योजना जिले भर में सैकड़ों दुर्घटना हो रही है। फिर भी कोई अधिकारी हुआ ठेकेदार इससे सबक नहीं ले रहा बुधवार डीएम ऑफिस के ठीक सामने एसडीएम की ही गाड़ी फस गई। गाड़ी चालक स्टाफ गाड़ी निकालने के लिए करनी पड़ी कड़ी मेहनत वाहन को बाहर निकाला। यह नजारा देखने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । लोग इस योजना और इसके जिम्मेदारों को कोसते रहे साथ ही यह भी कहा कि आज अधिकारिओ को पता चला होगा जनता का दर्द।

### बेसिक विद्यालयों में हुई नेट परीक्षा

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** शासन के निर्देश पर नगर क्षेत्र के 11वां ग्रामीण क्षेत्र के 160 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक व कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों की निपुण एसेसमेंट परीक्षा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार शुक्ला व एआरपी मोईन अहमद ने नगर क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुबे प्राथमिक विद्यालय, गांधी प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र, दुर्गा प्रसाद प्राथमिक विद्यालय बख्तावरलाल प्राथमिक विद्यालय शहीद नगर के सभी 11 बेसिक विद्यालयों में नेट परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। एआरपी ने बताया कि कक्षा 1 से 3 तक 7157 व कक्षा चार से कक्षा 8 तक 12455 बच्चे नेट परीक्षा में बैठे हैं।

### कलयुगी बेटे ने मां को पीटकर किया गंभीर रुप से घायल

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में बेटे ने मां को पीटकर घायल कर दिया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी सुमन देवी पत्नी सुरेश चन्द्र के बेटे ने मामूली कहासुनी को लेकर उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बेटे के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर मिलते ही घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए कार्यवाही शुरु कर दी है।

### स्वास्थ्य टीम ने लगाया शिविर

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** बुधवार को गांव चंदिया हजारा में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शिविर लगाया गया। महिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट ने अपनी टीम के साथ लोगों का परीक्षण कर दवा वितरित की। धरना स्थल पर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का भी चेकअप किया गया जिनमेंकई लोगों का ब्लड प्रेशर हाई निकला। चीफ फार्मासिस्ट ने बताया कि दो दिन पहले गांव में बाढ़ आई थी। शिविर लगाकर मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी गई। अधिकांश लोग सामान्य बुखार, खांसी के सामने आए।

### थम गया जमीन का कटान

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** शारदा नदी का जलस्तर घटने के बाद जमीन का तेजी से कटान शुरू हो गया था। हालांकि बुधवार को अचानक नदी के जलस्तर में काफी गिरावट आ गई। प्रधान ने बताया कि नदी ने कटान करना बंद कर दिया है। इससे लोगों को राहत मिली है। उन्होने बताया कि अब तब नदी में कई किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन गन्ना, धान, हल्दी आदि की फसल समेत समा चुकी है। बाढ़ और कटान से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा सर्वे कार्य कराया जा रहा है।

# मलेरिया के 11 व डेंगू कंफर्म तीन नए रोगी मिले

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- छह रोगियों में एनएस वन रिएक्टिव, एलाइजा जांच को भेजा सीरम
- फागिंग व एंटी लार्वा के छिड़काव पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**पूरनपुर।** वायरल बुखार के साथ मलेरिया व डेंगू के प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।मलेरिया व डेंगू के बढ़ते मामलों में मंगलवार को भी तेजी देखी गई। मंगलवार शाम आई रिपोर्ट में मलेरिया के 11 नए रोगी मिलने की पुष्टि की गई है। साथ ही एलाइजा जांच के बाद तीन नए डेंगू रोगी सामने आए हैं, जबकि छह डेंगू आशंकित रोगियों का सीरम पुष्टि हेतु एलाइजा जांच के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार रोगियों को ट्रेस कर उन्हें जांच व उपचार की सुविधा मुहैया करा रहा है। मलेरिया विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लार्वानाशक दवा का छिड़काव एवं फॉगिंग करा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनपद में मंगलवार को मलेरिया की कुल 945 जांच कराई गईं जिसमें से 11 रोगी मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। अब तक हुई कुल 61581 मलेरिया जांच में पाजिटिव रोगियों की संख्या बढ़कर 286 पहुंच गई है। इसके अलावा बुखार रोगियों में से 62 का कार्ड टेस्ट किया गया जिसमें एनएस वन रिएक्टिव छह रोगी डेंगू आशंकित पाए गए। साथ ही बीते दिनों एलाइजा जांच को भेजे गए सैंपलों में से तीन रोगियों में डेंगू बुखार की पुष्टि हुई है। जनपद में डेंगू के कुल मामले बढ़कर 17 हो गए हैं।स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्राम खांडेपुर, बिलारा, डकरिय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रोगियों की जांच कराई गई। साथ ही लक्षणयुक्त मरीजों को दवा मुहैया कराई गई। ग्राम बिलारा, डकरिय के अलावा शहर से सटी राजीव कालोनी में लार्वानाशक स्प्रे एवं तालाबों में बैक्टिसाइट पाउडर का स्प्रे कराया गया।

# पूर्व जेई ने पिता से प्रेरणा लेकर जाहिर की अंगदान की इच्छा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पीलीभीत।बिजली विभाग में तैनात रहे अवर अभियंता अशोक कुमार शर्मा ने अंगदान की घोषणा की है। शहर की वसुंधरा कालोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा ने अंगदान की इच्छा जाहिर की, जिसके बाद सीएमओ डा. आलोक कुमार ने उनके घर पहुंचकर देहदान की शपथ दिलाई। साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्रमाण-पत्र जारी किया गया। दो टूक से बातचीत के दौरान अशोक शर्मा ने कहा कि उनके पिता नेत्रदान करना चाहते थे, तो यह प्रेरणा उन्हें घर से ही मिली है। माता-पिता हमेशा समाजसेवी विचारधारा के धनी रहे, वही विचारधारा उनके अंदर भी समाहित है। कई बार विचार किया कि समाज के लिए कैसे योगदान दिया जा सकता है, तो अंगदान का विचार आया। सीएमओ डा.आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व अंगदान का संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान एक पखवाड़ा के रूप में संचालित होगा। उन्होंने अंगदान के संबंध में फैली भ्रांतियों पर कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने नेत्रों को दान कर सकता है। मृत्यु के उपरांत व्यक्ति की पूरी आंखें नहीं निकाली जाती। मृत्यु के 6-8 घंटे के अंदर आंखों से कार्निया प्राप्त किया जाता है, यह दाता और प्राप्तकर्ता दोनों के लिए निःशुल्क है। एक व्यक्ति नेत्रदान से दो कार्नियल ब्लाइंड लोगों को रोशनी दे सकता है। निकट के नेत्र बैंक के विशेषज्ञों का दल पहुंचकर दिवंगत व्यक्ति की आंख से एक छोटी सी झिल्ली निकाल लेता है, इससे दिवंगत शरीर पर बाहर से कोई विकृति नहीं दिखती।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 28 परिवारों होगें लाभान्वित



**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में उ0प्र0 कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्धी में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिससे कि पात्र पीड़ित परिवार को योजना से लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील वार प्राप्त हुये कृषक दुर्घटना दावा पत्रों की पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त ही पीडित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की गई। इस दौरान तहसील पूरनपुर के कुल 25 में से 08, अमरिया के 03 में से 02, कलीनगर के 06 में से 03, पीलीभीत के 13 में से 03 एवं बीसलपुर में 21 में से 12 दावों का निस्तारण किया। इस प्रकार जनपद में कुल प्राप्त आवेदन 68 में 28 पीडित परिवारों को रू0 05-05 लाख की आर्थिक सहायता हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

# मेडिकल कॉलेज का कार्य 18 माह में पूर्ण कराये जाने का निर्देश: दिनेश प्रताप सिंह

- कालेज के निर्माण का हर 15 दिन पर भौतिक एवं वित्तीय रिपोर्ट मांगी
- पिछली बैठक में निर्देशों का पालन न करने पर सीएमओ को लगाई फटकार
- बिगत दिनों मेडिकल कॉलेज की जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित

जन एक्सप्रेस
खबर का असर





**जौनपुर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यक्रम/कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मेडिकल कालेज का मुद्दा छाया रहा बिगत दिनों जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कालेज के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि बच्चों के खेलने के लिए खेलकूद मैदान विकसित किया जाये और सभी निर्माण कार्य 18 महीने में पूर्ण कराए। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रुप से 15 दिन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट दे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह को पिछली बैठक में जिला चिकित्सालय में निष्प्रयोज्य भवन के ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए गए थे जिसका अनुपालन न होने पर कड़ी फटकार लगाई। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की समीक्षा करते हुए अभिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि सड़के मोटरेबल कराई जाए, निर्माणाधीन कार्य स्थलों पर बैरिकेडिंग की जाए। अधिशासी अभियंता ने मा0 राज्यमंत्री जी को आश्वस्त कराया कि 01 महीने के भीतर निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करा दिया जाएगा। राज्यमंत्री ने सड़को पर पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़को को रिकवर न करने पर अधिशासी अभियंता जल निगम सचिन सिंह के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, राज्यमंत्री (स्वत्रंत प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिन्सु जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 अरुण कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### खराब ट्रांसफार्मर 24 घण्टे के भीतर मरम्मत कराने के निर्देश दिये: दिनेश प्रताप सिंह

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण राजेश गुप्ता को निर्देश दिया कि सड़को की खुदाई के उपरांत पुनः मरम्मत कर दी जाये। उन्होंने उक्त कार्य की प्रगति की लिखित रिपोर्ट भी मांगी और कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्य में जहां भी भूमि विवाद हो उसको जल्द से जल्द निस्तारण कराते हुए कार्य शुरू कराए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की भी समीक्षा की और कहा कि जिन लाभार्थियों के खाते में किस्ते नही आ रही है, अभियान चलाकर त्रुटियों को जल्द से जल्द दूर कराया जाये। राज्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजन कल्याण विभाग के तहत 06 लाभार्थियों को स्मार्ट केन (इलेक्ट्रानिक छड़ी) का वितरण किया गया। पी0एम0 स्वनिधि योजना के 06 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग के 10 लाभार्थियों को पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री जी द्वारा जनपद में ट्रांसफार्मर की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर के जल्दी खराब हो जाने की जांच की जाए और मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे ट्रांसफार्मर जो मरम्मत के उपरांत तुरंत जल गए है, इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मर की जगह नये ट्रांसफार्मर को 24 घण्टे के भीतर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री जी ने सड़को की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आगामी त्यौहार से पहले जनपद की समस्त सड़को को गड्ढा मुक्त कर दिया जाये।

### 'अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए'

कानून व्यवस्था, महिला अपराध, पाक्सो एक्ट आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि संगठित अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए, महिला एवं बच्चों से जुडे मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा आश्वस्त कराया गया कि दिये गये निर्देशों का शीघ्र ही शत-प्रतिशत पालन कराया जायेगा।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में भुगतान न होने से नाराज श्रमिकों ने परिसर खाली करने से किया मना

- बालाजी कार्यदायी संस्था का 3 करोड़ का भुगतान लटका, दो निर्माण कंपनियां आपस में भिड़ीं
- कंक्रीट सप्लायरों व श्रमिकों का लाखों रुपए बकाया, एजेन्सी को जबरन रोका
- बालाजी के अधिकारियों को श्रमिकों ठेकेदारों ने किया घेराव

# एआरपी शिक्षक विवाद दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है अधिकारी पत्र जारी कर किये मौन धारण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर







जिले के विकास खंड सुईथाकला में एआरपी व शिक्षकों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है प्राथमिक विद्यालय खेतापुर के प्रधानाध्यापक हर्षु प्रसाद मिश्रा ने खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैश्य को पत्र लिखकर एआरपी त्रिवेणी प्रसाद बिंद पर आरोप लगाया है कि पिछले 1 सितंबर को एआरपी विद्यालय के सुपरविजन के दौरान निपुण भारत लक्ष्य के बातचीत करते समय अपनी मर्यादा भूले कर विद्यालय के स्टाफ व बच्चों के बीच अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है प्रधानाध्यापक ने अपने पत्र में कहा है कि यदि उक्त पत्र का निस्तारण नहीं हुआ तो एआरपी के रुप में मेरे विद्यालय में इनका सम्मान नहीं होगा। गौरतलब हो कि परिषदीय विद्यालयों में सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्था सुधारने के लिए जिले भर में 59 एआरपी का चयन हुआ है इसी क्रम में विकास खंड सुईथाकला में पांच शिक्षकों का भी चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया।और उक्त सभी चयनित शिक्षकों को अपने पूर्व विद्यालयों से कार्य मुक्त कर जिले पर ज्वाइन करा दिया गया।और निपुण भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण बिषय को गति देने में उक्त जिले भर के एआरपी शिक्षक लग गए। परंतु विकास खंड में तैनात शिक्षकों का एक गुट चयनित एआरपी के पद एवं योग्यता पर सोशल मीडिया पर सवाल उठाकर पूरी चयन प्रक्रिया को ही चुनौती दे डाली थी मामला इतना गहराया कि जिले भर के तैनात एआरपी का समूह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया और मांग किया कि सोशल मीडिया में इस तरीके बेतुके सवाल उठाकर एवं अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर विभागीय नियमावली के विरुद्ध कुछ शिक्षकों द्वारा कार्य किया गया है और यदि इन पर कार्रवाई नहीं होगी तो हम लोग सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे देंगे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा॰गोरखनाथ पटेल ने पहले तो मामले को दबाने का प्रयास किया था लेकिन एआरपी के बात सुन मामले को गम्भीरता से लिया और सवाल उठाने वाले शिक्षक रंणजय सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मायरी सुईथाकला ,व हरसू प्रसाद मिश्रा प्रधानाध्यापक खेतापुर सुईथाकला को पत्र जारी कर साक्ष्य सहित लिखित अभीकथन के साथ स्वंग प्रस्तुत होने का निर्देश जारी किया। पत्र जारी होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था।

> संबंधित मामले में सभी पक्षों से अपना पक्ष लिखित रुप से मांगा गया है स्पष्टीकरण आते ही परीक्षण कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. गोरखनाथ पटेल
> बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर

# सपा नेता पंगु यादव को केडीए से पंगा लेना पड़ा भारी, गर्जा योगी का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद का विशेष रूप कार्यभार देख रहे जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देश पर एक समाजवादी पार्टी के नेता द्वारा प्राधिकरण की कब्जा की गई जमीन पर मंगलवार को जमकर बुलडोजर गर्जा। प्राधिकरण का दावा है कि लगभग 45 करोड रुपए मूल्य की प्राधिकरण की जमीन को मुक्त कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विशाख जी को सूचना प्राप्त हुई कि समाजवादी पार्टी के एक दबंग नेता विष्णु कुमार यादव उर्फ पंगु यादव के द्वारा गैरकानूनी तरीके से राष्ट्रीय राजमार्ग एन0एच0-27 से लगी हुई बर्रा-6 योजना एवं प्रेरणा विहार योजना में कुल क्षेत्रफल लगभग 21000 वर्गमी0 प्राधिकरण की करोड़ों रुपए की भूमि अपने कब्जे में ले ली गई थी। विशाख जी के निर्देश पर बीती आठ अगस्त को एक जांच टीम का गठन हुआ और टीम से रिर्पोट मिलने के बाद बुधवार को लगभग पांच की संख्या में बड़े-बड़े बुलडोजर और पुलिस बल लेकर प्राधिकरण की टीम पंगु यादव से जमीन खाली कराने के लिए पंगा लेने जा पहुंची।



### कार्रवाई के समय कौन-कौन अधिकारी रहा मौजूद

प्राधिकरण की भूमि मुक्त कराने के दौरान विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, अधिशाषी अभियन्ता, धीरेन्द्र बाजपेयी, विशेष कार्याधिकारी अजय कुमार सहित प्रवर्तन, अभियंत्रण एवं भूमि बैंक अनुभाग की टीम मय क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ उपस्थित रही।

### कहां कहां गर्जा प्राधिकरण का बुल्डोजर

- प्रथम चरण में ग्राम बर्रा की आराजी संख्या-509, 511, 300, 502 (कुल क्षेत्रफल लगभग 5000वर्गमी0) की भूमि पर ट्रक बॉडी रिपेयर इत्यादि के कार्य हेतु बनाये गये कच्चे पक्के निर्माण को प्राधिकरण की टीम द्वारा ध्वस्त कराते हुये भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।
- द्वितीय चरण में उसी भूमि के बगल में स्थित 1000वर्गमी0 भूमि पर अवैध कब्जा कर किये जा रहे कबाड़ के कार्य के लिए बनाये गये निर्माण को प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त करते हुये कब्जा मुक्त कराया गया।
- तृतीय एवं अन्तिम चरण में ग्राम बर्रा की आराजी संख्या-876, 884 (कुल क्षेत्रफल लगभग 15000वर्गमी0) भूमि पर अवैध कब्जा कर चट्टे एवं कबाड़ का कार्य संचालित किया जा रहा था, जिसे प्राधिकरण की टीम द्वारा ध्वस्त करते हुये अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### 45 करोड़ मूल्य की जमीन को पंगु यादव से कराया मुक्त

कानपुर विकास प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी शशि भूषण राय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि प्राधिकरण की टीम द्वारा आज बर्रा में लगभग 21000 वर्गमी0 भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग रु0 45.00 करोड़ आंकलित है। साथ ही यह भी बताया कि उपाध्यक्ष द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त करायी गयी भूमि जिस पर बर्रा-6 व प्रेरणा विहार योजना नियोजित की गयी है, का तत्काल अभिलेखीय परीक्षण करते हुये समस्त भूखण्डों का ई-ऑक्शन के माध्यम से आम जनमानस हेतु विक्रय कर निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## शुक्लागंज में रहने वाली महिला में डेंगू की पुष्टि, हड़कम्प



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

जनपद उन्नाव के शुक्लागंज में भी डेंगू अब अपने पैर पसार चुका है। उर्सला अस्पताल में इलाज कराने आई एक महिला में डेंगू की पुष्टि होने के बाद जनपद में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्लागंज कंचन नगर निवासी संध्या (23) को कई दिनों से बुखार आ रहा था, उसने नगर के कई डॉक्टरों और अस्पतालों से दवा ली लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। जिस पर परिजन उसे कानपुर उर्सला ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसकी डेंगू की जांच की। जहां उसे डेंगू की पुष्टि हुई। कानपुर स्वास्थ्य विभाग ने उन्नाव स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया। जिस पर सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम बुधवार दोपहर कंचन नगर पहुंची। जहां टीम ने डेंगू के मरीज के घर में रहने वाले सदस्यों के अलावा आस पास रहने वाले लोगों को दवाइयां दी। इसके साथ ही डेंगू से बचाव के तरीके बताये। वहीं नगर में अब तक तीन मरीजों को डेंगू की पुष्टि हो चुकी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बीमारी से बचाने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** जलस्तर बढ़ने के कारण पालिका क्षेत्र के अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातूफार्म, साकेतपुरी, कंचन नगर, मालवीय नगर, श्रीनगर, गंगानगर, रविदास नगर, गोताखोर, कर्बला, शाही नगर, हुसैन नगर, मोहम्मद नगर, चंपापुरवा, तेजीपुरवा के अलावा अन्य मोहल्लों में बाढ़ का पानी भर गया था। इधर जलस्तर कम हो गई है। इसके बावजूद पानी भरा हुआ है। जिसे देखते हुये बुधवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की टीम साकेतपुरी पहुंची। जहां टीम ने साफ सफाई कराने के साथ ही एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया गया।

### गंगाघाट पुलिस ने मोबाइल लुटेरा किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को पिपरी निवासी नरेन्द्र पांडे रात करीब साढ़े दस बजे बैराज मार्ग से लौट रहे थे, तभी अज्ञात लुटेरों ने उन्हें रोक लिया था और उनका मोबाइल छीनकर भाग निकले थे। पीड़ित ने लूट की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध युवक को उठाया और उससे पूछताछ की। जिस पर उसने मोबाइल लूट की बात कबूल की। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि संभर खेड़ा निवासी साकेत पाल को गिरफ्तार किया गया है। जहां उसके पास से लूट का मोबाइल भी बरामद हुआ है।

### अवैध गांजे के साथ शातिर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों और वाहनों के खिलाफ चेकिंग चला रहा थी, तभी मुखबिर से बालूघाट चौकी क्षेत्र के गंगा किनारे दो युवकों द्वारा अवैध गांजा ले जाने की सूचना मिली। जिस पर दरोगा एसएन शर्मा ने मयहमराहों के साथ आलम नगर गंगा कटरी पर पहुंचे। जहां पुलिस को देख दोनों युवक भागने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। जहां उनके पास से पुलिस ने दो किलो दो सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम इंदिरा नगर नगर निवासी विशाल वर्मा व वहीं के रहने वाले रामचन्द्र रावत बताया।

### अधिवक्ताओं ने हापुड़ घटना के विरोध में जारी रखी हड़ताल

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बीते दिनों हापुड़ में वकीलों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज मामले का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार अधिवक्ता न्यायिक कार्य विरत रह रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी उन्नाव में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। इस दौरान बार अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए न्यायालय से निकलकर कलेक्ट्रेट परिसर तक नारेबाजी कर विरोध जाहिर किया। सभी अधिवक्ताओं ने एकसुर में कहा कि हापुड़ की घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष रामसुमेर सिंह ने कहा कि उनकी मांग है कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं पर जो झूठे मुकदमे दर्ज़ किए गए हैं उन्हें वापस लिया जाए। प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। इसके अलावा हापुड़ में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में जो अधिवक्ता घायल हुए हैं उन्हें सरकार की ओर से मुआवजा भी मिले।

### चौबेपुर कस्बे में निकाली गईं कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस/चौबेपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी द्वारा चलाये गए अभियान मेरी माटी मेरा देश के तहत बुधवार को चौबेपुर कस्बे में कलश यात्रा निकाल कर घर घर से पवित्र मिट्टी एकत्रित की गईं जिसका शुभारम्भ किया गया और पुरे कस्बे में घर घर जा कर कलश में मिट्टी ली इस यात्रा में सिर्फ हिन्दू ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय के लोगो ने भी हाथो में तिरंगा लेकर बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई व भारत माता की जय के नारे लगाए यात्रा में बिल्हौर विधायक राहुल सोनकर, चौबेपुर खण्ड विकास अधिकारी एस एन कश्यप,कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला,प्रधान अरविन्द यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी, उत्कर्ष अग्निहोत्री व बंटी फारूखी के साथ सेकड़ो लोग मौजूद रहे।



### दूधिए को दबंगों ने पीटा, साढ़ थाने में शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साढ़ थाना क्षेत्र के गणेसीपुर गांव के दो युवको पर बाइक सवार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। जानाकारी के अनुसार बरईगढ़ ग्राम पंचायत के मजरा गणेशीपुर निवासी रामबाबू तिवारी ने साढ़ पुलिस मे लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह प्रति दिन की तरह मंगलवार रात दूध नापने बरईगढ़ गांव स्थित डेरी गए थे। जहां से वापस आते समय बहादुर गणेशीपुर के मध्य प्राईमरी स्कूल के पास गांव निवासी अवधेश विस्वकर्मा व शिव नारायण राजपूत ने सामने से रोकने के प्रयास किया न रुकने पर डंडे से प्रहार किया जिससे वह लट्खड़ा कर गिर गए जिसके बाद दोनो ने एक मत होकर गाली गलौच करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा। पीड़ीत के द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों के दौड़ने पर दोनों मौके से फरार हो गए जिसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम सूचना पर पहुंची पुलिस सीएचसी भीतरगांव लेकर पहुंचीं जहां से डाक्टरों ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया है साढ़ थाना प्रभारी सतीश राठौर ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

### पीएनबी ने प्राइमरी स्कूल को दिए उपहार

**जन एक्सप्रेस/चौबेपुर।** चौबेपुर में स्तिथ एक प्राइमरी स्कूल को पीएनबी बैंक शाखा चौबेपुर द्वारा उपहार दिए गए। चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम बिरोहा के मजरा तपुया गांव स्तिथ प्राइमरी विद्यालय को पीएनबी बैंक द्वारा बुधवार को बच्चों के बैठने लिए बीस सेट मेज के दिए गए साथ बच्चों को आधा सैकड़ा के करीब स्कूल बेग उपहार में दिए गए अवगत कराते चले कि पीएनबी बैंक द्वारा इस विद्यालय को गोद लिया गया हैं और विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए मेज तक नहीं थी जिसके कारण बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करते थे जिसे देख बैंक ने विधालय को उपहार स्वरुप बेंच सेट प्रदान किये साथ ही शिक्षकों को भी उपहार दिए हैं जिसमे चौबेपुर ब्रांच मैनेजर रीना सिन्हा,अमर कुमार व रविंद्र सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।



## नगर निगम के लाख प्रयासों के बाद भी सड़कों के ऊपर से नहीं हट पा रहे है चट्टे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को धता बताते हुए नगर निगम के अधिकारी नजर आ रहे हैं। निगम के अधिकारियों ने प्रदेश सरकार की पॉलिसी के मुंह पर कालिख पोत दी है। क्योंकि निगम के अधिकारियों के लाख प्रयासों के बाद भी सड़कों से चट्टे हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक कल्याणपुर विकासखंड के बरसाईतपुर गांव को जाने वाली सड़क के दोनों और गोबर के बड़े-बड़े ढेर देखे जा सकते हैं। जहां एक और सड़क के दोनों और गोबर के ढेर लगे हुए हैं वहीं दूसरी ओर एक सड़क पर ही चट्टा खोल रखा है। जिसकी वजह से आने जाने वाले राजगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन उसे रास्ते से गुजरने वाले राजगीर गिरकर चोटहिल होते हैं। इस रास्ते पर गुजरने से यह समझ में नहीं आता कि सड़क पर चट्टा है या चट्टे में सड़क है। इस रास्ते से प्रतिदिन गुजरने वाले डॉक्टर राहुल मल्होत्रा व डॉक्टर चारू ने बताया कि यह समस्या बीते कई वर्षों से है। निगम की गाड़ियां इस रास्ते से गुजरती भी है लेकिन फिर भी अब तक अवैध रूप से संचालित कर रहे हैं चट्टा मालिकों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हुई यह सोचने का विषय है। चट्टा मालिकों ने पूरी रोड को ही अपने कब्जे में ले लिया है। पिछले कार्यकाल में कानपुर की मेयर साहिब ने चट्टा मालिकों के खिलाफ कई बार कार्यवाही की है। लेकिन एक बार भी यहां पर जाकर लोगों की समस्याओं को नहीं देखा है। समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। आखिर कब तक यहां की जनता को यह समस्या झेलनी पड़ेगी।



## अधेड़ विवाहिता की बिजली की चपेट में आने से मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के छतेरुआ गांव में बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। बारिश होने के दौरान महिला पंखा अंदर रखने गई थी। तभी पंखे मे उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिससे वह पंखे में चिपक गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने महिला को आनन-फानन भीतरगांव सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला के शव को घर ले आये। वहां उसके पति के आने का इंतजार किया जा रहा है। छातेरुआ गांव निवासी विनय तिवारी ने बताया कि वह श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने मथुरा गए थे। जब कि दोनो पुत्र अभिषेक व शौरभ बंगलौर मे रह कर नौकरी करते हैं घर में साधना अकेली थी। उनकी शाम को बात हुई थी, 42 वर्षीय पत्नी साधना रोज की तरह रात को देर शाम खाना-खाने के बाद घर पर बने कमरे के अंदर सोने चली गई थी। तभी देर रात अचानक बारिश होने लगी। आंगन में रखे पंखे को उठाकर अंदर रखने लगी। तभी अचानक पंखे से उतर रहे करंट की चपेट में आकर चलते हुए पंखे के जाल से चिपक गई। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे, तो महिला को पंखे पर चिपका देखा, तो आनन-फानन एंबुलेंस की मदद से महिला को भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना साढ़ पुलिस को दी। मौके पर साढ़ पुलिस ने पहुंच कर घटना की जानकारी जुटाई।साढ़ थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही है। पति के आने का इंतजार किया जा रहा है पति के आने पर शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## कायाकल्प योजना के नोडल अधिकारी ने किया स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** कानपुर लखनऊ राजमार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं व साफ सफाई व्यवस्था का बुधवार को कायाकल्प योजना के तहत नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान नोडल अधिकारी ने ओपीडी, इमरजेंसी सेवाओं एवं वार्ड समेत फार्मेसी व पैथोलॉजी आदि का सघन निरीक्षण कर स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्नाव जनपद में स्वास्थ्य विभाग की कायाकल्प योजना के नोडल अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस डॉ राम मोहन मीणा ने बुधवार दोपहर नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जहां फार्मेसी, ओपीडी एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करने के दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने मरीजों के लिए उपलब्ध दवाओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। पैथोलॉजी में पहुंचे नोडल अधिकारी ने एलटी अनिल कुमार एवं प्रियंका से मरीजों की जा रही जांचों की जानकारी ली। सीबीसी एनालाइजर मशीन के बारे में उन्हें बताया गया कि रिजेन्ट न उपलब्ध होने के कारण स्टोर में है। हेल्थ एटीएम मशीन से की गयी मरीजों की जांचों से संबंधित रजिस्टर कर्मचारी नही उपलब्ध करा सके। डेंगू, मलेरिया बुखार से संबंधित जानकारी लेने पर एलटी को मलेरिया स्लाइडिंग के लिये फिर ट्रेनिंग कराने को कहा। वही ईटीसी वार्ड में बेडों पर फटे गद्दे पड़े होने पर नाराजगी जताई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पुनीत तिवारी से मरीजों एवं उनको उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछने पर हाल में ही तैनाती की बात बताने के साथ जल्द ही नेत्र रोग पीड़ित रोगियों की सर्जरी शुरू करने की बात कही। नोडल अधिकारी ने मशीनों व मेडिकल इंस्ट्रूमेंट के रख रखाव समेत साफ सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। बताते हैं कि इस दौरान कुछ स्वास्थ्य कर्मी अपनी सीटों से नदारद भी रहे। प्रशिक्षु आईएएस डॉ राम मोहन मीणा ने निरीक्षण के संबंध में बताया कि कायाकल्प योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं एवं साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त के अनुपालन में क्या प्रगति हुई, इसके लिए आज स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये।



## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक ने घर घर एकत्रित की चुटकी भर मिट्टी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 13 सितम्बर तक चलाये जा रहे रहे अभियान मेरी माटी मेरा देश के तहत आज विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बिठूर विधानसभा के अमौर, गोपालपुर और वीर सिंघपुर गांव जा कर घर घर पहुंचकर अमृत कलश में एक चुटकी मिट्टी एकत्रित की।
कार्यक्रम में विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमे अपने देश पर अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर शहीद और वीरांगनाओ को याद करने और उन्हें नमन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक सचान, दिलीप सैनी,लल्ला सिंह,धीरेन्द्र सिंह,मोनू अवस्थी,अमर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## शौच क्रिया के लिए जा रही युवती से छेड़छाड़, किया जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बांगरमऊ।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए जा रही युवती को गांव के चार लोगों द्वारा पकड़कर छेड़खानी करने का आरोप लगा है। साथ ही यह भी आरोप है कि युवती के शोर मचाने पर बचाने आए भाई व उसकी बहन दोनों के साथ मारपीट करते हुए किसी धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार की वह शाम को शौच क्रिया के लिए गांव के बाहर खेत पर जा रही थी। तभी गांव के ही विद्यासागर और उसके चाचा होरीलाल समेत अन्य दो लोगों ने मिलकर उसे रोक लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने के साथ ही उसे मक्का के खेत में खींच कर ले जाने लगे। शोर मचाने पर उसका छोटा भाई उसे बचाने आया। उन लोगों ने उसे पकड़कर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उसकी बहन को भी मार कर घायल कर दिया। जिसके बाद जानमाल की धमकी देकर वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



## फिंगर क्लोन बनाकर खाते से रुपए निकालने का आरोप

**संचालक ने बताया कि 3 अगस्त 2023 को फाड को अंजाम दिया गया था**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर


साढ़ थाना क्षेत्र के देवसड़ गाँव मे जन सेवा केंद्र में गांव के दो युवकों पर फिंगर क्लोन बनाकर फॉड करने का आरोप लगा है। मामला देवसड़ गाँव का है जहाँ पर गाँव निवासी नीरज सिंह पुत्र गोपी सिंह जो कि अपने ही गांव में जन सेवा केंद्र चलाते हैं और लोगो को उचित सुविधा देते हैं लेकिन संचालक के साथ गाँव के रहने वाले दो युवकों मुकेश कुमार पुत्र छोटे लाल व आशीष पुत्र नन्हा पासवान ने फिंगर फाड कर अनोखे तरीके से दस-दस हजार रुपये खाते से निकाल लिए। संचालक का आरोप है कि युवको ने फिंगर क्लोन बना कर इस फाड को अंजाम दिया है जिसके कारण उनकी जन सेवा केंद्र की आई डी बन्द कर दी गई है । संचालक ने बताया कि 3 अगस्त 2023 को फाड को अंजाम दिया गया था जिसकी शिकायत संचालक ने साढ़ थाना प्रभारी सतीश राठौर से की है और आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।



## उप जिलाधिकारी बिल्हौर ने चौबेपुर के मानक विहिन अस्पतालों पर की छापेमारी, मांगे प्रपत्र

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
सनी राव मोघे

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से संचालित हो रहे मानक विहिन अस्पतालों पर बीते दिन बुधवार को उप जिलाधिकारी ने अचानक छापेमारी की। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई अस्पताल संचालक तो अस्पताल बंद करके फरार हो गए। उप जिलाधिकारी ने अस्पताल संचालकों से दो दिन के अंदर अपने प्रपत्र दिखाने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक चौबेपुर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मानक विहीन अस्पताल संचालित किया जा रहे हैं। अस्पताल संचालक जहां एक और मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनकी जेबों पर भी डाका डाल रहे हैं। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र लगातार अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ महिम छेड़े हुए है। चौबेपुर क्षेत्र में अवैध अस्पतालो का संचालन निरंतर जारी है जिसमें बैठे फर्जी डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अब अनुमान लगाया जा सकता है कि मरीजों का इलाज कैसा हो रहा होगा या फिर मरीजों की जिंदगीयों से सिर्फ खिलवाड़ ही किया जा रहा है और जिम्मेदार जान कर भी अनजान बनने का ढोंग कर रहे हैं और फर्जी डॉक्टरों को लोगो की जिंदगी से खेलने का भरपूर मौका दे रहे हैं।












### अवैध अस्पतालो की जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

बुधवार को चौबेपुर क्षेत्र के ट्रिनिटी हॉस्पिटल व किरण हॉस्पिटल में उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा द्वारा छापेमारी की गई। उप जिलाधिकारी के द्वारा अचानक की गई छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कुछ अस्पताल संचालक तो अपना अस्पताल बंद करके नौ दो ग्यारह हो गए। वहीं उप जिलाधिकारी ने दोनों अस्पतालों से दो दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन संबंधित प्रपत्र दिखाने के लिए कहा है। अब देखना यह होगा की इन अस्पतालों पर कार्यवाही होती है या फिर केवल खाना पूर्ति करके ही इन अस्पतालों को छोड़ दिया जाएगा।

# केरल में निपाह वायरस को लेकर चार जिलों में अलर्ट

**7 कंटेनमेंट जोन बनाए, मास्क जरूरी, राज्य में अब तक 4 केस, 2 की मौत**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोझिकोड**

केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत के बाद 3 और जिले कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम में अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 7 ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कंटेनमेंट जोन वाले इलाके और अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कोझिकोड के जिला अधिकारी ने 7 पंचायतों में सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आंगनबाड़ी केंद्र, बैंक और सरकारी संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक सिर्फ दवाइयां और जरूरी चीजों की दुकानें ही खोलने की इजाजत है। केरल में निपाह वायरस के अब तक 4 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है। बुधवार को राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि पुणे से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की टीम निपाह वायरस की जांच को लेकर आज केरल आएगी। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में एनआईवी की टीम चमगादड़ों का सर्वे भी करेगी।



### स्वास्थ्य मंत्री ने इमरजेंसी मीटिंग की

इससे पहले केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार की रात इमरजेंसी मीटिंग बुलाई थी। इसमें सभी विधायकों, जन प्रतिनिधियों, जिला कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ निपाह वायरस से निपटने के लिए जरूरी प्रयासों को लेकर चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का काम जारी है। हेल्थ डिपार्टमेंट ने इंडियन काउंसिल और मेडिकल रिसर्च के साथ भी बातचीत की और राज्य के प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों के ट्रीटमेंट के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की उपलब्धता का आश्वासन दिया।

### 2018 में निपाह से 17 की मौत हुई थी

केरल के कोझिकोड और मलप्पुरम जिले में 2018 में निपाह वायरस से 17 लोगों की मौत हुई थी। इससे पहले निपाह वायरस का मामला 2019 में कोच्चि में सामने आया था। वहीं, 2021 में भी कोझिकोड में निपाह वायरस का एक केस मिला था।

### चमगादड़ और सुअर जैसे जानवरों से फैलता है निपाह

निपाह वायरस चमगादड़ और सुअर जैसे जानवरों से इंसानों में फैल सकता है। इस बीमारी की मरने वालों की दर बहुत ज्यादा है। अब तक इसका कोई ट्रीटमेंट या टीका (इंजेक्शन) उपलब्ध नहीं है। जूनोटिक वायरस उसे कहते हैं, जो जानवरों से इंसानों में या इंसानों से जानवरों में फैलता है।

### चमगादड़ से रेबीज और निपाह वायरस भी फैलता है

टोरंटो हेल्थ साइंस सेंटर की माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. समीरा मुबारेका के मुताबाकि, यह पहली बार नहीं है, जब इंसानों में किसी बीमारी की वजह के रूप में चमगादड़ का नाम आया है। यह कई तरह के वायरस का वाहक है, जो पहले भी साबित हो चुका है। चमगादड़ की कुछ प्रजातियां रेबीज, इबोला और निपाह वायरस की भी वाहक रही हैं।

### निपाह वायरस के लक्षण

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निपाह वायरस सिर्फ जानवरों से नहीं, बल्कि एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैलता है। डब्लूएचओ की मानें तो निपाह वायरस से संक्रमित होने वाले मरीजों में वायरल फीवर होने के साथ सिरदर्द, उल्टी जैसा लगना, सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने जैसे लक्षण दिखते हैं। अगर ये लक्षण 1-2 हफ्ते तक रहते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### दो बीमार मरीजों में एक 9 साल बच्चा, एक युवक शामिल

केरल में निपाह से पहली मौत 30 अगस्त और दूसरी मौत 11 सितंबर को हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने मंगलवार को बताया था कि दोनों मृतकों के सैंपल जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए हैं। उन्होंने दो और मरीज मिलने की पुष्टि की थी। इनमें एक 9 साल का बच्चा और 24 साल का युवक शामिल है। दोनों का इलाज जारी है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

### निपाह का पहला मामला 25 साल पहले मलेशिया में मिला था

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 1998 में मलेशिया के सुंगई निपाह गांव में पहली बार निपाह वायरस का पता चला था। इसी गांव के नाम पर ही इसका नाम निपाह पड़ा। तब सुअर पालने वाले किसान इस वायरस से संक्रमित मिले थे। मलेशिया मामले की रिपोर्ट के मुताबिक, पालतू जानवरों जैसे कुत्ते, बिल्ली, बकरी, घोड़े से भी इंफेक्शन फैलने के मामले सामने आए थे। मलेशिया में निपाह सामने आने के बाद उसी साल इस वायरस का पता सिंगापुर में भी चला था। इसके बाद 2001 में बांग्लादेश में भी इस वायरस से संक्रमित मरीज मिले। कुछ वक्त बाद बांग्लादेश से जुड़ी भारतीय सीमा के आसपास भी निपाह वायरस के मरीज मिलने लगे।

# भारत को पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट प्लेन मिला

**वायुसेना प्रमुख ने स्पेन में रिसीव किया, 56 में से 16 प्लेन रेडी टु-फ्लाई कंडीशन में आएंगे**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने बुधवार को भारत को पहला सी-295 टैक्टिकल मिलिट्री एयर लिफ्ट प्लेन सौंप दिया। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन के सेविले शहर में इस प्लेन को रिसीव किया। इस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को जल्द ही भारत लाया जाएगा। एयर चीफ एक दिन पहले ही प्लेन लेने के लिए स्पेन पहुंच गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सी-295 को स्पेन के सेविले प्लांट में बनाया जा रहा है। भारतीय वायुसेना में इसका फाइनल इंडक्शन इसी महीने हिंडन एयरबेस पर होगा। दूसरा एयरक्राफ्ट मई 2024 तक भारत आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले छ-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की तैनाती आगरा एयरबेस में होगी। जहां इसके पायलट्स का ट्रेनिंग सेंटर भी अगले साल तक तैयार हो जाएगा। सितंबर 2021 में भारत ने ऐड स्पेस के साथ सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए 21 हजार करोड़ रुपए की डील की थी। इसमें 56 प्लेन की मांग की गई थी। इनमें से 16 प्लेन रेडी टु-फ्लाई कंडीशन में स्पेन से आएंगे। बाकी के 40 प्लेन गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस सिस्टम कंपनी बनाएगी।

### भारत में 2024 से बनना शुरू होगा

टाटा एडवांस सिस्टम लि. गुजरात के वडोदरा में 2024 के मध्य तक सी-295 विमान बनाना शुरू करेगी। फिलहाल, इसकी फाइनल असेम्बली लाइन का काम चल रहा है। पहला स्वदेशी सी-295 विमान 2026 में बनकर तैयार होगा। फाइनल असेम्बलिंग के लिए एयरबस और टाटा के हैदराबाद व नागपुर प्लांट में 14,000 से ज्यादा स्वदेशी पार्ट्स तैयार कर वडोदरा भेजे जाएंगे। कंपनी 2031 तक वायुसेना को सभी 40 एयरक्राफ्ट सौंप देगी।

### सी-295 की खासियत

- ये एयरक्राफ्ट शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक ये एयरक्राफ्ट 320 मीटर की दूरी में ही टेक-ऑफ कर सकता है। वहीं, लैंडिंग के लिए 670 मीटर की लंबाई काफी है। यानी लद्दाख, कश्मीर, असम और सिक्किम जैसे पहाड़ी इलाकों में ऑपरेशन में ये एयरक्राफ्ट मददगार साबित होगा।
- एयरक्राफ्ट अपने साथ 7,050 किलोग्राम का पेलोड उठा सकता है। एक बार में अपने साथ 71 सैनिक, 44 पैराट्रूपर्स, 24 स्ट्रेचर या 5 कार्गो पैलेट को ले जा सकता है।
- लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। 2 लोगों के क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम भी है।
- सी-295एमडब्लू ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट में पीछे रैम्प डोर है, जो सैनिकों या सामान की तेजी से लोडिंग और ड्रॉपिंग के लिए बना है।
- एयरक्राफ्ट में 2 प्रैट एंड व्हिटनी पीडब्लू 27 टर्बोट्रूप इंजन लगे हुए हैं। इन सभी प्लेन को स्वदेश निर्मित इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूइट से लैस किया जाएगा।

### नेवी और कोस्ट गार्ड भी खरीद सकती है 15 प्लेन

वायुसेना के अलावा नौसेना और कोस्ट गार्ड भी 15-16 प्लेन खरीद सकती हैं। फिलहाल इस पर बातचीत चल रही है। नेवी के लिए 10 प्लेन कोस्टल सर्विलांस व पेट्रोलिंग के लिए तैयार किए जाएंगे। वहीं, कोस्ट गार्ड भी 6 एयरक्राफ्ट के जरिए निगरानी और ट्रूपर्स मूवमेंट करेगी। इतना ही नहीं, देश की सीमाओं की निगरानी करने वाली बीएसएफ ने भी सी-295 खरीदने की तैयारी की है। करीब 3 सिक्योरिटी एजेंसी भी निगरानी के लिए इसे खरीदने को तैयार हैं। 6 पायलट और 10 इंजीनियर के दल ने सेविले में इस प्लेन की हैंडलिंग से जुड़ी ट्रेनिंग पूरी कर ली है।

### कश्मीर में कर्नल समेत 3 शहीद, दो आतंकी मारे गए, राजौरी और अनंतनाग में एनकाउंटर जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी और अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो एनकाउंटर जारी हैं। बुधवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर है। दूसरी तरफ राजौरी में सोमवार से ही मुठभेड़ हो रही है। इसमें दो आतंकी मारे गए हैं। एक जवान और एक एसपीओ शहीद हुए हैं। इस ऑपरेशन में सेना का एक डॉगी भी मारा गया है। उसने अपने हैंडलर की जान बचाने के लिए खुद की जिंदगी दांव पर लगा दी।

जागरूकता दिखाएं
अपने मवेशियों को
लम्पी चर्म रोग से बचाएं



गोवंश में रोग के लक्षण
• 'लम्पी' एक विषाणुजनित चर्म रोग है • पशु को तेज बुखार, आंख-नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, कठोर एवं चपटी गांठ से शरीर का ढक जाना • पशुओं में नेक्रोटिक घाव, श्वसन और जठरांत्र का होना • सांस लेने में कठिनाई, वजन घटना, शरीर कमजोर होना • गर्भपात अथवा दूध कम होना • 'लम्पी' का संक्रमण मनुष्यों में नहीं फैलता

रोग प्रकोप के समय क्या करें
• निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सूचित करें • प्रभावित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग करें • प्रभावित पशु को आश्रय स्थल पर ही आहार-पानी की व्यवस्था करें • प्रभावित पशु का आवागमन प्रतिबंधित करें • पशुओं को सदैव स्वच्छ पानी पिलाएं • प्रभावित पशु के दूध को उबालकर पीयें • मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि से बचाने के लिए कीटनाशक का उपयोग करें • पशुबाड़े, गोशाला, पशु खलिहान में फिनायल/सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करें • बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले पशुपालक को अन्य पशुओं से दूर रखें

रोग प्रकोप के समय क्या न करें
• पशुओं को सामूहिक रूप से चरागाह के लिए न भेजें • पशु मेला एवं प्रदर्शनी में पशुओं को न भेजें • पशु के शव को खुले में न फेकें, वैज्ञानिक विधि से गहरे गड्ढे में दफनाएं • बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न कराएं • प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लाएं • रोगी पशु का दूध बछड़े को न पिलाएं

• सीमावर्ती राज्यों और नेपाल के उत्तर प्रदेश स्थित समस्त बॉर्डर से गोवंश/महिषवंश के प्रवेश पर • समस्त जनपदों में गोवंश/महिषवंश पशुओं के अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जनपदीय परिवहन पर • गोवंश/महिषवंश के पशु मेला, पशु हाट, पशु पैठ पर • प्रभावित जनपदों के गो-आश्रय स्थलों में किसी नए गोवंश के आगमन पर
31 अक्टूबर, 2023 तक पूर्ण प्रतिबंध
उक्त आदेश नगर निकाय, जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, निजी एवं स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित गोआश्रय स्थल/गौशालाओं पर लागू होगा

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें
टोल फ्री नंबर : 1800 180 5141, 0522-2740992, 7307669041
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# कारों के लिए 6 एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी सरकार, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कॉम्पिटिशन के चलते इसे कंपनियां खुद अपनाएंगी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने साफ कर दिया है कि सरकार कारों के लिए 6 एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी। सरकार ने पिछले साल कार में लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 1 अक्टूबर से कार के हर वैरिएंट में 6 एयरबैग्स को कम्पल्सरी किए जाने का प्रस्ताव रखा था। गडकरी ने कहा कि 6 एयरबैग्स की आज के बाजार में जरूरत है। कंपनियों को कॉम्पिटिशन में बने रहने के लिए 6 एयरबैग्स देने ही पड़ेंगे। जो कंपनियां ऐसा नहीं करेंगी उनकी बिक्री पर असर पड़ेगा।

### सड़क हादसों में हर साल डेढ़ लाख लोगों की होती है मौत

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया, 'देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा एक्सीडेंट होते हैं। इनमें करीब 1.50 लाख लोग जान गंवा देते हैं। इनमें 60 प्रतिशत 18 से 34 साल की उम्र के लोग होते हैं। इसलिए सेफ करा खरीदना जरूरी है। इसके साथ ही हम सड़कों को बेहतर करने पर काम कर रहे हैं।

### एक अक्टूबर से भारत एनसीपीए में शुरू होगा क्रैश टेस्ट

देश में चलने वाली कारें कितनी सुरक्षित हैं अब यह भारतीय एजेंसी ही तय करेगी। इसके लिए भारतीय एजेंसी भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम को एक अगस्त को लॉन्च किया जा चुका है। ये 1 अक्टूबर से सेफ्टी रेटिंग देना शुरू कर देंगी। पहले यह काम दो विदेशी कंपनियां करती थीं। बता दें कि कारों को 0 से 5 स्टार तक की रेटिंग दी जाती है। 0 मतलब अनसेफ और 5 मतलब पूरी तरफ सेफ।

### कंपनियां कार में देने लगी हैं 6 एयरबैग

बुधवार को दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, 'कई कंपनियां अब खुद ही 6 एयरबैग्स दे रही हैं। हम कारों के लिए छह एयरबैग का नियम अनिवार्य नहीं बनाना चाहते। भारत एनसीपीए की शुरुआत हो चुकी है, अब मैन्युफैक्चरर्स खुद तय करेंगे कि उन्हें क्या करना है। लोग सुरक्षा को लेकर सजग हैं। जिस कार में 6 एयरबैग्स होंगे, लोग उसे ही चुनेंगे।

# मीडिया ट्रायल को लेकर गाइडलाइन बनाए सरकार

**सुप्रीम कोर्ट बोला, इससे न्याय प्रभावित हो रहा, आरोपी के अधिकारों का ध्यान रखना जरूरी**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मीडिया ट्रायल को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 3 महीने के अंदर मीडिया ब्रीफिंग पर गाइडलाइन बनाने को कहा है। इसके साथ ही सभी राज्यों के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को भी एक महीने के भीतर इस मामले में गृह मंत्रालय को सुझाव देने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि केंद्र जल्द ही पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग के संबंध में गाइडलाइन करेगी। कोर्ट 2017 से जुड़े एक मामले पर सुनवाई कर रहा था। अब इसकी अगले सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे हफ्ते में होगी।

### मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है। इसलिए पुलिस में संवेदनशीलता लाना जरूरी है। किसी भी मामले में पुलिस को कितना खुलासा करना चाहिए, ये तय करने की जरूरत है। इसमें पीड़ितों और आरोपी का हित शामिल है। साथ ही जनता का हित भी शामिल है।

### हमें आरोपी के अधिकारों का भी ध्यान रखना है

सीजेआई ने कहा कि किसी भी मामले में जांच के दौरान अहम सबूतों का खुलासा होने पर जांच प्रभावित हो सकती है। हमें आरोपी के अधिकार का भी ध्यान रखना है, क्योंकि वह भी पुलिस की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का हकदार है। ऐसे में आरोपी का मीडिया ट्रायल होता है तो जांच निष्पक्ष नहीं रह जाती।

### मीडिया ट्रायल से पीड़ित की गोपनीयता का उल्लंघन होता

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि मीडिया ट्रायल से किसी पीड़ित या शिकायतकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन होता है। कभी-कभी तो मामले में नाबालिग का संबंध भी होता है। ऐसे में पीड़ित की निजता को प्रभावित नहीं किया जा सकता। हमें पीड़ित और आरोपी दोनों के अधिकारों का ख्याल रखना होगा।

# सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़

**एजेंसी खबर | द ब्लैक इंक**

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग और राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो एनकाउंटर जारी हैं। बुधवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वह सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें 1 जवान और एक पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर है। वहीं दूसरी मुठभेड़ राजौरी में हो रही है। जिसमें दो आतंकी मारे गए। एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने मंगलवार को ढेर किया था। वहीं एक जवान और एसपीओ भी शहीद हुए हैं। साथ ही सेना के एक डॉग की भी जान चली गई। सेना के अधिकारी ने बताया कि एनकाउंटर में शहीद हुए आर्मी डॉग का नाम केंट था। उसने मुठभेड़ के दौरान अपने हैंडलर को बचाया और खुद शहीद हो गया। यह हादसा तब हुआ जब वो भाग रहे आतंकियों की तलाश करने के लिए जवानों की एक यूनिट का नेतृत्व कर रहा था। इस दौरान वो भारी गोलाबारी की चपेट में आ गया।

# राजस्थान में हादसा, 12 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भरतपुर**

राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक बस और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 57 से ज्यादा लोग सवार थे। यह हादसा लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास सुबह 5:30 बजे हुआ। मरने वालों में 7 महिलाएं और 5 पुरूष हैं। सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक बस का डीजल पाइप फट गया। करीब 10-12 यात्री ड्राइवर के साथ बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी पाइप रिपेयर करने के बाद डीजल लेने के लिए चले गए। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मारी और पास खड़े लोगों को कुचलता हुए निकल गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सड़क पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)